

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। मंगलवार 29 अक्टूबर-2024 | वर्ष : 9 अंक : 307 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3


## त्यौहार के सीजन में फर्जी मैसेज को लेकर गृह मंत्रालय का अलर्ट

### सोशल मीडिया पर फ्री गिफ्ट वालों से रहें सावधान

**नई दिल्ली।** फेस्टिव सीजन में ग्राहक का इंतजार सिर्फ दुकानदार या ई-कॉमर्स कंपनी ही नहीं कर रही होती, बल्कि इसकी आड़ में कुछ स्कैमर्स भी अपनी दुकान चमकाने के लिए बैठे रहते हैं। ऐसे में कई बार डील्स, ऑफर्स और गिफ्ट्स के चक्कर में लोग इन स्कैमर्स के फैलाये जाल में फंस जाते हैं। त्यौहार के सीजन में सोशल मीडिया पर फर्जी मैसेज को लेकर गृह मंत्रालय ने अलर्ट जारी किया है।




**नई वेबसाइट से खरीदारी करते हुए सावधान :** यह स्टार्टअप का दौर है। रोज ही नई ई-कॉमर्स कंपनियां खुल रही हैं। फेस्टिवल के दौरान तो ये नई वेबसाइट कुछ ज्यादा ही प्रचार-प्रसार करने लगती हैं। लेकिन सावधान। ये सभी ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेनुइन नहीं होते। कुछ तो सिर्फ फ्रॉड के उद्देश्य से ही काम कर रहे होते हैं।

यहां प्रोडक्ट की डीटेल दिखाई कुछ और जाती है और भेजी कुछ और। इनके चक्करों में फंसने का सबसे बड़ा कारण होता है इनके लंबे-चौड़े ऑफर्स का जाल, 80-90 फीसदी तक डिस्काउंट का दावा।

ऐसे में हम यह कैसे जानें कि कौन सी वेबसाइट जेनुइन है और कौन सी फर्जी। आइए इसे नीचे दिए क्रिएटिव से समझते हैं-

**फेक फॉरवर्डेड लिंक पर क्लिक न करें :** फेस्टिव सेल के दौरान व्हाट्सएप पर कई तरह की डील्स और ऑफर्स से संबंधित लिंक आते हैं। ये लिंक भेजने वाले हमारे दोस्त और रिश्तेदार भी हो सकते हैं। लिंक खोलने पर यह वेबसाइट लुक और फील में अमेजन, फ्लिपकार्ट, तनिष्क और मिंत्रा जैसी दिखती है।

**फेक गिफ्ट कार्ड और वाउचर :** त्योहारों में अब ई-कॉमर्स वेबसाइट द्वारा गिफ्ट वाउचर देने का चलन काफी बढ़ गया है। ये वाउचर कंपनी द्वारा ईमेल एड्रेस पर भेजे जाते हैं। लेकिन कुछ स्कैमर्स इसी की आड़ में लोगों को नकली वाउचर या गिफ्ट कार्ड भेजते हैं, जो असली जैसे ही दिखाई देते हैं।

ईमेल देखकर लोगों को लगता है कि यह ऑफिशियल साइट से ही आया है और उस पर क्लिक करके अकसर लोग फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। इससे बचने के लिए आप सबसे पहले वाउचर भेजने वाली ईमेल को वेरीफाई करें। अगर वाउचर किसी दोस्त, परिचित के ई-मेल से आया है तो पहले उससे कन्फर्म करें। फिर जाकर अगला कदम उठाएं।

**फेक डिलिवरी मैसेज या कॉल से बचें :** आपको डिलिवरी से संबंधित एक मैसेज आया। जिसमें लिखा है कि आपके डिलिवरी चार्ज न भरने से आपका पैकेट वापस भेजा जा रहा है। मैसेज में एक पेमेंट लिंक भी है, आपने लिंक पर क्लिक किया तो 180 रुपए पेमेंट करने का ऑप्शन आ रहा है। आपके लिए उस सरप्राइज पैकेट के बदले 180 रुपए का पेमेंट करना कोई ज्यादा बड़ी बात नहीं।

आप पेमेंट कर भी देंगे। लेकिन पेमेंट करने के बाद भी आपके पास आपका पैकेट नहीं आएगा। दरअसल वो मैसेज किसी कोरियर कंपनी का नहीं बल्कि किसी फ्रॉड व्यक्ति का था।

## साइकिल, हाथी और कमल के बीच होना है मुख्य रूप से चुनावी मुकाबला




### बिरादरी का चुनावी गणित बता रहा है कि जंग होने जा रही है रोचक




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा में उपचुनाव हो रहा है। ये सीट भाजपा की थी और भाजपा के विधायक अब लोकसभा सांसद हैं। उनके इस्तीफा देने के बाद ये सीट खाली हुई है। भाजपा ने यहां समीकरण और चेहरा दोनों बदले हैं। भाजपा ने यहां संगठन को विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। यहां उसने पहले के किसी भी दावेदार के नाम को कंसीडर नहीं किया है और संगठन के लीडर यानी महानगर अध्यक्ष को विधानसभा का टिकट दिया है। अब महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा उम्मीदवार हैं। यहां भाजपा ने तीन बार के बिरादरी समीकरण को चेंज किया है। यहां उसने इस बार ब्राह्मण चेहरे को टिकट दिया है।

इससे पहले लगातार तीन बार अतुल गर्ग को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया। वो अपना पहला चुनाव हारे थे और फिर लगातार दो बार चुनाव जीते हैं। अब ब्राह्मण कार्ड खेला है और संगठन की तरफ से उम्मीदवार हैं। वहीं बसपा ने पहले दलित कार्ड खेला और फिर उसमें परिवर्तन करते हुए उन्होंने वैश्य कार्ड खेला है। बसपा के लिये वैश्य कार्ड नई बात नहीं है। वो सुरेश बंसल को यहां दो बार चुनाव लड़ा चुकी है और एक बार फिर बसपा ने शहर विधानसभा सीट पर वैश्य कार्ड खेला है। इससे पहले चुनाव में उसने ब्राह्मण कार्ड खेला था। सपा-कांग्रेस गठबंधन से दलित उम्मीदवार मैदान में है और ये दूसरा मौका है जब विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सामान्य सीट पर दलित कार्ड खेल रही है। यहां समीकरण बिरादरी के हिसाब से बैठेंगे या सोशल इंजीनियरिंग काम करेगी ये देखने की बात है।

बहरहाल अब चुनावी रण में सारे सियासी दल अपने-अपने तमाम अस्त्र-शस्त्र लेकर आ गए हैं। यहां सभी राजनीतिक दलों की बड़ी चिंता मतदान का प्रतिशत है। मतदान अगर धीमा रहेगा तो फिर ये धीमा मतदान कई गणित बिगाड़ेगा। देखने की बात ये है कि यहां दलित वोट बिरादरी के साथ जाएगा या फिर अपने परंपरागत दल माने जाने वाले बसपा के साथ जाएगा। यहां वैश्य समाज को लेकर भी मंथन चल रहा है क्योंकि वैश्य समाज को भाजपा का परंपरागत वोटर माना जाता है और बसपा ने वैश्य चेहरा मैदान में उतारा है। हालांकि वैश्य समाज भाजपा के पक्ष में ही अपना रूझान देता है। लेकिन यहां दो मौके ऐसे आए हैं जब इस समाज ने बिरादरी की तरफ वोट किया है। सुरेंद्र गोयल यहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को हराकर ही जीते थे। सुरेश बंसल के साथ बिरादरी का वोट रहा था। अब क्या होगा ये तारीख बताएगी लेकिन बिरादरी समीकरण पर नजर तो रहेगी ही।

समाजवाद पार्टी ने विशाल वर्मा को पिछले चुनाव में टिकट दिया था और वो उम्मीद से ज्यादा वोट लेकर आए थे। बस इसी उम्मीद ने साइकिल के सवार को बिरादरी के हिसाब से बदलने नहीं दिया है।

इस बार लाइनपार फैक्टर और बिरादरी फैक्टर पर फोकस रखा गया है। सपा सामान्य सीट पर लाइनपार के रहने वाले और लाइनपार क्षेत्र से ही एक बार पार्षद का चुनाव जीत चुके सिंहराज जाटव को लेकर आई है। ये समीकरण कितना असर डालेंगे ये मतदान का दिन बताएगा। बहरहाल बातें भले ही विकास की हों, बातें रोजगार की हों, बातें भ्रष्टाचार की हों, लेकिन जब चुनावी रण की बेला आएगी तो यहां सभी सियासी दलों की सबसे बड़ी ढाल बिरादरी का गणित बनेगा।

## घोषित हो गई भाजपा की शहर विधानसभा चुनाव संचालन समिति

### पूर्व मेयर अशु वर्मा बने संयोजक और राजीव शर्मा और सुनील यादव संभालेंगे सह संयोजक वाली जिम्मेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा की चुनाव संचालन समिति घोषित हो गई है। पूर्व मेयर अशु वर्मा को चुनाव संचालन समिति में संयोजक बनाया गया है। उनके साथ भाजपा पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा सह संयोजक बनाए गए हैं। भाजपा के ही पूर्व पार्षद और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव को सह संयोजक बनाया गया है और कार्यक्रम अभियान प्रमुख की जिम्मेदारी भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा को दी गई है। इसके अलावा मोर्चा तथा अभियान प्रमुख का दायित्व भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल को दिया गया है। इसके अलावा चमन चौहान भी मोर्चा अभियान प्रमुख रहेंगे। मतदाता सूची प्रमुख महानगर उपाध्यक्ष बोबी त्यागी, महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह तथा कुलदीप त्यागी को बनाया गया है। इसके इलावा निगम पार्षद पूनम सिंह तथा सुरेंद्र सैन को सामाजिक संपर्क प्रमुख बनाया गया है। वाहन प्रमुख का दायित्व क्रय-विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन वीरेंद्र सारस्वत को सौंपा गया है। सभा-रैली और बैठक प्रमुख की जिम्मेदारी पवन गोयल तथा गौरव चौपड़ा को दी गई है। मीडिया प्रभारी का दायित्व प्रदीप चौधरी संभालेंगे। कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों को दी गई है। कृष्णवीर चौधरी को चीफ पोलिंग एजेंट बनाया गय है। सोशल मीडिया प्रमुख प्रदीप माथुर बनाए गए हैं। आईटी प्रमुख का दायित्व प्रियंका प्रियदर्शनी को दिया गया है। प्रत्याशी जनसभा दायित्व महानगर मंत्री धीरज शर्मा को दिया गया है। पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी संजय रावत और संजीव झा को दी गई है। बताया जाता है कि अभी इस चुनाव संचालन समिति में कई अन्य चेहरे भी जुड़ सकते हैं।

## नगर निगम ने दीपावली से पहले शहर को किया रोशनी से जगमग, प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लगाई गई रंगीन लाइटें

### एलिवेटेड रोड पर तिरंगी सजावट हापुड़ चुंगी पर पिंक थीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम जहां स्मार्ट सिटी और स्वच्छता अभियान को चलाता है। तो वहीं त्योहारों पर शहर को अलग रंग और थीम देने का भी काम कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर शहर के नगर निगम क्षेत्र में आने वाले प्रमुख चौराहों, बाजारों, मुख्य मार्गों और एलिवेटेड रोड से लेकर हापुड़ चुंगी मार्ग को रंग बिरंगी थीम से सजाया जा रहा है। दीपावली के पर्व को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश था कि प्रमुख शहरों में विशेष सजावट एवं सज्जा की जाए। जगह-जगह रोशनी फैलाई जाए ताकि दीपोत्सव का नजारा दूर से ही नजर आए। इसी कड़ी में नगर निगम गाजियाबाद द्वारा शहर में तमाम जगह रंग-बिरंगी लाइटिंग कराई जा रही है। साथ ही कई स्थानों पर रंगोली से सजावट भी तैयार हो गई है।

### एलिवेटेड रोड से लेकर कलेक्ट्रेट तक की गई है सजावट



करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा दीपावली के पर्व के मद्देनजर शहर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। तो वहीं ट्रांस हिंडन की एलिवेटेड रोड को जहां तिरंगी थीम से प्रदर्शित किया गया है। तो वहीं कलेक्ट्रेट के मुख्य मार्ग पर गोल्डन और पिंक थीम का इस्तेमाल करते हुए सजावट की गई है। इसका मकसद है कि शहर सुंदर नजर आए और दीपावली के त्यौहार की जगमग दूर से ही नजर आए।

### पुलिस ऑफिस से लेकर थाने भी होंगे रोशन



करंट क्राइम : दीपावली के त्योहार पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में डीसीपी कार्यालय से लेकर पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस से लेकर कमिश्नरेट के सभी थानों पर रंग-बिरंगी लाइटिंग की जाएगी। इनको सुंदर बनाने का काम भी हो रहा है। साथ ही कई थानों में दीपावली के मद्देनजर साफ सफाई एवं रंग रोगन का भी काम चल रहा है ताकि दीपावली के त्योहार पर चारों ओर सुंदरता नजर आए।

## गाजियाबाद में कम नहीं हो रहा वायु प्रदूषण दीपावली के पर्व पर भी राहत की उम्मीद कम

### बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंचा एयर क्वालिटी इंडेक्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली से पहले ही दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद खतरनाक हो गई है। वायु प्रदूषण की स्थिति खराब होने के बाद अब लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ भी होने लगी है।

सोमवार को गाजियाबाद में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक रहा और दिल्ली-एनसीआर में आने वाले दिनों में प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद भी बेहद कम ही बताई जा रही है।

उधर मौसम वैज्ञानिकों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि जिस तरीके से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, यह पाकिस्तान से आ रही हवाओं की वजह से है। वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक होने से आमजन पर भी असर पड़ रहा है।



### 300 के पास पहुंचा गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स

करंट क्राइम : सोमवार को गाजियाबाद का वायु प्रदूषण का स्तर 300 के पार पहुंच गया था। हालांकि शाम को स्थिति थोड़ी बदली लेकिन लोनी, संजय नगर और इंदिरापुरम का वायु प्रदूषण लगातार बेहद खतरनाक बना हुआ है। वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक होने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। तो वहीं सुबह की सैर पर जाने वालों को भी दमघोंटू हवा महसूस हो रही है।

AQI AIR QUALITY INDEX

### अस्पतालों में बढ़ रही है सांस रोगियों की संख्या

करंट क्राइम : गाजियाबाद में वायु प्रदूषण का असर लोगों के जीवन पर भी पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के अस्पतालों में बीते कुछ दिनों के दौरान ही सांस रोगियों की संख्या बढ़ गई है। लोग जहरीले और वायुमंडल में धूल के कण बढ़ाने की वजह से सांस लेने में तकलीफ महसूस कर रहे हैं। उनको गले और आंखों में जलन भी हो रही है।

## दीपावली रहे सुरक्षित, दमकल विभाग ने तैनात की 14 मोटर फायर यूनिट

### शहर के प्रमुख इलाकों से लेकर देहात तक संभालेंगी आग से बचाव की कमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली का त्योहार 31 अक्टूबर को है और दीपावली से पहले शहर में अग्निशमन विभाग अग्नि हादसे रोकने के लिए कमान संभाल चुका है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में अग्निशमन विभाग द्वारा 14 प्रमुख स्थानों पर मोटर फायर यूनिट की तैनाती की गई है। जिसमें एक मोटरसाइकिल पर दो दमकलकर्मी मौजूद रहेंगे, जो किसी भी आपात सूचना पर सबसे पहले पहुंचने का काम करेंगे। इसके बाद उस क्षेत्र के फायर स्टेशन से संपर्क कर कंट्रोल रूम को बड़ी आग होने पर तत्काल सूचना दी जाएगी। इसके अतिरिक्त फायर स्टेशन पर उपलब्ध वाहनों और अग्निशमन कर्मियों की नाम और समयवार ड्यूटी लगा दी गई है ताकि किसी भी अग्नि हादसे को रोका जा सके और बचाव के अधिकतम उपाय अपनाए जा सकें। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर कई स्थानों पर अस्थाई फायर स्टेशन भी एक्टिव मोड में रहेंगे।

### अटल चौक से लेकर डीएलएफ कॉलोनी तक तैनात रहेगी मोटर फायर यूनिट





करंट क्राइम : अग्नि हादसों में कमी लाने व जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के लिए दमकल गाजियाबाद की टीमों ने पूरा एक्शन प्लान बनाया है। जिसमें तहत मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोनों में मोटर फायर यूनिट की तैनाती की गई है। यह कुल 14 स्थानों पर तैनात रहेगी। जिसमें अटल चौक वसुंधरा, काला पत्थर रोड आदित्य मॉल इंदिरापुरम, खोड़ा थाना, थाना टीलामोड़ फरुखनगर, शनि चौक लाजपत नगर साहिबाबाद, विजय नगर बायपास एनएच-09 थाना विजयनगर, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, पुराना बस अड्डा गाजियाबाद कलेक्ट्रेट, राज नगर एक्सटेंशन मेरठ तिराहा, चौपला घंटाघर, राज चौपला मोदीनगर थाना, मुरादनगर, लोनी तिराहा और डीएलएफ कॉलोनी में एक-एक मोटरसाइकिल इंजन यूनिट तैनात रहेगी। जिसमें दमकल विभाग के दो प्रशिक्षित कर्मचारी ड्यूटी देंगे, जो किसी भी आपात स्थिति में आग बुझाने के लिए सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचेंगे।

### सभी फायर स्टेशन रहेंगे अलर्ट मोड पर



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत तीन जोन आते हैं और प्रत्येक जोन में फायर स्टेशन हैं। उन्होंने बताया है कि सभी फायर स्टेशन के स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि कहीं पर भी आग की बड़ी सूचना कंट्रोल रूम को जैसे ही प्राप्त होगी तत्काल आसपास के अन्य फायर स्टेशन से राहत एवं बचाव दल को रवाना किया जाएगा। इस दौरान फायर स्टेशन वैशाली, फायर स्टेशन साहिबाबाद, फायर स्टेशन घंटाघर कोतवाली, फायर स्टेशन मोदीनगर, फायर स्टेशन लोनी और साहिबाबाद- लोनी को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति से बचा जा सके।

### आग लगने पर रहें सतर्क, निम्न बातों का रखें ध्यान

- आग लगने पर तत्काल घर में उपलब्ध पानी से बुझाने का प्रयास करें।
- आग लगने पर आग आसपास मदद को चिल्लाएं, जिससे अधिक लोग सहायता के लिए एकत्रित हो सकें।
- आग लगने पर सबसे पहले आग में फंसे व्यक्तियों, बच्चों और मवेशियों को बचाने का प्रयास करें। बाद में अन्य सामान, अन्य स्थानों पर आग फैलने से रोकने का प्रयास करें।
- पटाखों से कपड़ों में आग लगने पर दौड़े नहीं बल्कि जमीन पर लेटकर रगड़ते हुए आग बुझाने हेतु पानी का प्रयोग करें।
- पटाखे में लगी आग को बुझाने के लिए मोटे कपड़े अथवा कंबल का प्रयोग किया जाए।
- पटाखों से जल जाने पर पानी का प्रयोग करें एवं तत्काल चिकित्सक की सहायता लें।
- आग लगने की सूचना फायर पुलिस कंट्रोल रूम को दें, आग लगने की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन फायर स्टेशन को भी अवश्य दें।

# देश के पांच शहर सबसे प्रदूषित...

# चार एनसीआर में, पहले नंबर पर दिल्ली और फिर जिला गाजियाबाद

**नई दिल्ली।** देश के पांच शहरों की वायु गुणवत्ता रविवार को बेहद खराब श्रेणी में रही और इनमें से चार शहर दिल्ली-एनसीआर में हैं। देश में सबसे खराब हवा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की रही, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली और एनसीआर के लोग देश में सबसे ज्यादा प्रदूषण झेलने को मजबूर हैं। देश के पांच शहरों की वायु गुणवत्ता रविवार को बेहद खराब श्रेणी में रही और इनमें से चार शहर दिल्ली-एनसीआर में हैं। देश में सबसे खराब हवा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की रही, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया। त्योहार से पहले ही वायु प्रदूषण इतना बढ़ने के बाद दिवाली तक इसके गंभीर श्रेणी में पहुंच जाने की आशंका जताई जा रही है। दिल्ली के बाद दूसरा सबसे प्रदूषित शहर गाजियाबाद रहा, जहां



एक्यूआई 324 पहुंच गया। 312 एक्यूआई के साथ ग्रेटर नोएडा देश में तीसरे और 304 के साथ नोएडा पांचवें स्थान पर रहा। एनसीआर के अन्य शहरों में गुरुग्राम में एक्यूआई 239, जबकि फरीदाबाद में 208 रहा। दिल्ली-एनसीआर के अलावा पूरे देश में सिर्फ अमृतसर ही ऐसा शहर रहा, जहां हवा बेहद खराब श्रेणी में रही और एक्यूआई 310 दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक इस हालत में बदलाव आने लायक कोई मौसमी स्थिति नहीं बन रही है। चार दिन बाद दिवाली को देखते हुए हालात और खराब हो सकते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि सोमवार और मंगलवार को दो दिन तक यही स्थिति बनी रह सकती है। बुधवार से हवा गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस दिन से प्रदूषण में पटाखों के धुएं की हिस्सेदारी बढ़ेगी। इससे वायु गुणवत्ता खराब होगी।

### एनसीआर में 18 फीसदी लोग पटाखे चलाने की तैयारी में

दिवाली से पहले हुए एक सर्वे में दावा किया गया है कि इस बार दिल्ली-एनसीआर के 18 फीसदी लोग त्योहार पर पटाखे चलाने की तैयारी में हैं। हालांकि खुशी की बात यह है कि सर्वे में शामिल 55 फीसदी लोगों ने पटाखे चलाने से इन्कार किया है। नौ फीसदी ऐसे लोग हैं, जिन्होंने कहा कि उन्हें पता है एनसीआर में प्रतिबंध के बावजूद उन्हें कहां से पटाखे मिल सकते हैं और वे पटाखे खरीदने भी वाले हैं। लोकल सर्किल नामक एजेंसी ने 10,526 लोगों से बात कर यह सर्वे जारी किया।

### हवाओं की दिशा बदलने व गति कम होने से बिगड़े हालात

हवा की गुणवत्ता खराब होने से पूरे दिल्ली-एनसीआर में स्मॉग की चादर छा गई है। मौसम विभाग का कहना है कि खासकर हवाओं की दिशा बदलने और इनकी गति कम होने से हालत और बिगड़ी है। लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन महसूस हो रही है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, रविवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। इस दौरान हवा की गति 8 किलोमीटर प्रतिघंटा रही।

### 5.5 प्रतिशत हिस्सा वायु प्रदूषण में पराली का

डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक रविवार को हवा में वाहनों के धुएं से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 13.028 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.208 फीसदी रही।

# दीवाली से पहले केजरीवाल का बड़ा ऐलान

# पानी के बिल होंगे माफ फिर आड़े हाथों ली भाजपा

**नई दिल्ली।** वजीरपुर विधानसभा में रविवार को पदयात्रा कार्यक्रम के तहत पहुंचे आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल का लोगों से भव्य स्वागत किया। केजरीवाल स्थानीय विधायक और कार्यकताओं के साथ बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों से मिले। केजरीवाल ने कहा कि पानी का बिल बढ़कर आ रहा है तो उसे भरने की जरूरत नहीं है। फरवरी में चुनाव के बाद सभी के पानी के बिल माफ करवा देंगे।




### केजरीवाल का भाजपा पर निशाना

10 साल पूरी ईमानदारी से काम किया, पूरे देश में कहीं इतने काम नहीं हुए जितने दिल्ली में हुए हैं। सभी को मुफ्त बिजली, अच्छी शिक्षा और इलाज मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि दिल्ली की जनता को कुछ भी फ्री नहीं देना चाहिए।

### अब 24 घंटे दिल्ली में बिजली है : केजरीवाल

उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा कि पहले रोज 10-10 घंटे के पावर कट लगते थे। पूरी रात बिजली नहीं रहती थी। लोगों को जनरेटर और इनवर्टर खरीदने पड़ते थे। लेकिन अब किसी के घर में इनवर्टर नहीं है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिलती है। पूरे देश में सिर्फ दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है और कहीं नहीं आती है।

### पानी के सारे बिल माफ कर दूंगा

केजरीवाल ने कहा कि पानी फ्री किया है। लेकिन, लोगों के पानी के बिल बहुत आए हुए हैं। जेल में डालने के बाद लोगों को परेशान करने के लिए इतने बिल बना कर भेज दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोबारा मुख्यमंत्री बना दो, सारे पुराने पानी के बिल माफ कर देंगे। दिल्ली की जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने देंगे।

## न्यूज डायरी

### सीएम योगी बोले: पलायन कोई धर्म नहीं और न ही धर्म के हित में



**हरियाणा।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में थे। वे बाबा डेरा गरीब नाथ सरस्वती पीठ पिहोवा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी शिरकत की। पलायन कोई धर्म नहीं है और न ही धर्म के हित में है। यही संदेश योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जी ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को गीता के रूप में दिया था। यह बात यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पिहोवा के पृथुदक पार्क में कही। वे सरस्वती तट पर डेरा सिद्ध बाबा गरीब नाथ मठ में चल रहे तीन दिवसीय आठमान, 32 धुनी एवं शंखाढाल भंडारे में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे। सीएम योगी ने जय श्री राम के उद्घोष से अपना भाषण शुरू किया तो पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। उन्होंने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर हरियाणा के लोगों को बधाई दी। योगी ने कहा कि देश की प्रगति और उत्थान के लिए सभी को एक होकर कार्य करना होगा। जिस तरह से भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी गई, उसी तरह भारत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़नी होगी। योगी ने कहा कि जैसी करणी वैसी भरनी यानी अगर आप अच्छा काम करोगो तो उसका फल भी निश्चित ही अच्छा ही मिलेगा। हरियाणा के लोगों ने विधानसभा चुनाव में यह साबित करके दिखाया है। इसलिए उस्का परिणाम भी अच्छा ही होगा।

#### सीएम नायब सैनी से बड़ी चूक

कार्यकम में सीएम नायब सैनी से बड़ी चूक हो गई। दरअसल, शंखाढाल भंडारे के कार्यक्रम को सीएम नायब सैनी ने अपने संबोधन में उदासीन ब्रह्म अखाड़े का बता दिया। इस पर पंडाल पर बैठे साधुओं ने दुरुस्त कराने का प्रयास भी किया, मगर बाद में मंच पर मौजूद एक संत ने उन्हें कार्यक्रम का कार्ड दिया। हालांकि उस समय तक सीएम नायब सैनी दूसरे अखाड़े का गुणगान कर चुके थे, मगर उन्होंने इसे छुपाने के लिए योगी आदित्यनाथ और कार्यक्रम संयोजक महंत पीर शेरनाथ का नाम लेकर ठीक करने का प्रयास किया।

# पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत के बाद, पीड़ित परिवार से मिले सीएम योगी, 10 लाख की आर्थिक मदद, बच्चों की शिक्षा की फ्री व्यवस्था

**लखनऊ।** राजधानी में पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने परिवार को 10 लाख की आर्थिक मदद दी। साथ ही बच्चों को शिक्षा फ्री और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का आश्वासन दिया। राजधानी लखनऊ में दो दिन पहले पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत के बाद सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने परिवार को तत्काल 10 लाख की आर्थिक मदद दी। बच्चों को फ्री शिक्षा देने की बात कही। सरकारी आवास के साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला एवं सभासद शैलेंद्र वर्मा परिवार के साथ पहुंचे थे। बताते चलें कि चचेरे भाई से पैसों के विवाद में पुलिस ने मोहित पांडेय को घर से



उठाया था। लॉकअप में उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसकी मौत हो गई थी।

### कई लोगों के खिलाफ मुकदमा है दर्ज

लॉकअप में मोहित के साथ बंद उसके भाई शोभाराम ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि भाई को लॉकअप में टॉर्चर किया गया है। उसे पीटा गया है। तबीयत खराब होने के बाद भी उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। मामले में मां की तहरीर पर चिनहट थाना इंस्पेक्टर और चचेरे भाई आदेश सहित कई लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

नई बस्ती जैनाबाद निवासी व्यापारी मोहित कुमार पांडेय (32) की जान चली गई थी। मारपीट की सूचना पर शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे चिनहट पुलिस उनको थाने लेकर गई थी। रात भर मोहित को थाने में रखा। शनिवार दोपहर में लोहिया अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवारीजनों का आरोप है कि पुलिस ने हवालात में मोहित की पिटाई की। इससे उसकी मौत हो गई।

### पैसे को चचेरे भाई से था विवाद

मोहित टाई बेल्ट बनाकर बेचता थी। मोहित के यहां गोंडा निवासी आदेश टाई की सप्लाई का काम करता था। चचेरे भाई ऋषि पांडेय ने बताया कि आदेश आए दिन मोहित के घर से रुपये निकाल लेता था। इसको लेकर पूर्व में कई बार विवाद हुआ था। शुक्रवार को आदेश फिर से मोहित के घर आया था। मोहित ने आदेश को काम से हटाने की बात कही। इस पर दोनों में विवाद हो गया। दोनों में हाथापाई भी हो गई। आदेश ने पुलिस को घटना की सूचना दी। रात 9:30 बजे चिनहट पुलिस मोहित के घर पहुंची और उसे उठा ले गई थी।

# राहुल गांधी ने इंडोनेशिया के 8वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने इंडोनेशिया गणराज्य के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर प्रबोवो सुबियांतो को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "राहुल गांधी ने इंडोनेशिया गणराज्य के 8वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर प्रबोवो सुबियांतो को बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही भारत और इंडोनेशिया के बीच आपसी बंधन में विश्वास व्यक्त किया।" कांग्रेस ने एक्स पर राहुल गांधी का एक पत्र भी शेयर किया है। जिसमें राहुल गांधी ने कहा है कि मैं इंडोनेशिया गणराज्य के आठवें राष्ट्रपति के रूप में आपके शपथ ग्रहण के अवसर पर आपको बधाई देना चाहता हूं। लोगों ने भविष्य



के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण के लिए मतदान किया है। भारत और इंडोनेशिया ने मित्रता का ऐसा बंधन बनाया है जो हमारे घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों पर आधारित है। हमारी संस्कृति हमारे साझे अतीत और वर्तमान पर उसके स्थायी प्रभाव का एक शक्तिशाली प्रतीक है।

# खाना बनाने में देरी होने से गुस्साए पति ने तवे से पत्नी के सिर पर वार कर की मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में नकुड़ कस्बे के मोहल्ला जोगियान में खाना बनाने में देरी होने से गुस्साए पति ने तवे से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद मौके से भाग रहे आरोपी पति को पकड़ने गए पड़ोसी पर भी तवे से वार कर उसे भी घायल कर दिया। हालांकि इसके बाद लोगों ने उसे दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। मोहल्ला जोगियान निवासी इबने अली उर्फ इब्बन गाड़ियों की डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था, जो कुछ दिन पहले छोड़ दिया। रविवार दोपहर बाद अपनी पत्नी शहनाज (40) के साथ देर से खाना बनाने को लेकर झगड़ा हो



गया। दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

### पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ा, पड़ोसी हुआ घायल

पति पत्नी के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि इबने अली ने रसोई में रखा तवा उठाकर शहनाज के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। एक के बाद एक कई वार किए गए, जिससे शहनाज की मौके पर ही मौत हो गई। मां को मृत देखकर बेटी सोनम और आलिया ने शोर मचा दिया, जिस पर पड़ोसी वहां पर आ गए। इसी बीच वहां से भाग रहे आरोपी इबने को पड़ोसी जमीर अहमद ने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। हालांकि बाद ने भीड़ ने आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर सीओ एसएन वैभव पांडेय समेत थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्राथमिक पूछताछ में आया कि शहनाज से खाना बनाने में देरी हो गई थी, जिस पर गुस्से में आकर आरोपी ने तवे से हमला कर दिया था।

### सिर पर था खून सवार, तवे का हत्था टूटने तक करता रहा वार

मोहल्ला जोगियान में पत्नी शहनाज की हत्या करने वाले आरोपी इबने अली के सिर पर खून सवार था। तवे का हत्था टूटने तक वार करता रहा। जिस समय पड़ोसी और पुलिस वहां पहुंची तो चारों तरफ खून ही खून था। शहनाज के सिर बीच से फटा हुआ था। मकान के बाहर ही वह तवा भी पड़ा था, जिससे ताबड़तोड़ वार कर पत्नी को मौत के घाट उतारा गया था। बताया जा रहा है कि जिस तवे से हत्याकांड को अंजाम दिया कि उस पर लकड़ी का हत्था लगा हुआ था, जिसे पकड़कर वार किए जा रहे थे। घर की पहली मंजिल पर की वारदात, तवा लेकर नीचे भागा, पड़ोसी पर भी किया वार पहली मंजिल पर हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी हाथ में तवा लेकर नीचे उतारा। उसे डर था कि कोई पकड़ न ले। हुआ भी वही, जब पड़ोसी जमीर अहमद ने हौसला दिखाते हुए उसे पकड़ने की कोशिश की, तभी आरोपी ने उसके सिर पर भी तवे से वार किया। हालांकि गनीमत रही कि जमीर की जान बच गई।

# 'बूथ संपर्क अभियान' से भाजपा अपनी बात मतदाताओं तक पहुंचाएगी : शिवराज सिंह चौहान

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं चुनावी राज्य झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए 'बूथ संपर्क अभियान' के बारे में बताया। शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जनता भगवान है और उसकी सेवा ही भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के प्रत्येक मतदाता तक हम अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचा पाएं और उनसे ठीक से संपर्क कर पाएं, इसके लिए हम 'बूथ संपर्क अभियान' कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'बूथ संपर्क अभियान' के शुरू होने पर मुझे खुशी है। इसके माध्यम से जनता के बीच सही मुद्दे और सही स्थिति पहुंचाई जाएगी। हमारी पूरी टीम इस काम में लगी हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज नामांकन फाइल होंगे, इसलिए हमारे वरिष्ठ नेता अपने उम्मीदवारों के साथ रहेंगे। भाजपा के कार्यकताओं में नामांकन को लेकर असीम उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह बाबूलाल मरांडी का नामांकन कार्यक्रम में जाएंगे और उसके बाद



देवघर में भी नामांकन फॉर्म जमा करवाना है, लोगों से संवाद भी करना है। पार्टी के ऐसे अनेक नेता अलग-अलग प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म को भरवाएंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनगणना को लेकर पूछे गए सवाल पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी चुनाव की चिंता कर रहे हैं। प्रदेश में 81 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान प्रस्तावित है। पहले चरण के तहत प्रदेश की 43 विधानसभा सीटों के लिए 13 नवंबर को मतदान कराया जाएगा, जबकि दूसरे चरण के तहत राज्य की बाकी की 38 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होंगे। सभी सीटों के नतीजे एक साथ 23 नवंबर को सामने आएंगे। बता दें कि इससे पहले झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को अपनी दूसरी सूची जारी कर दी, जिसमें दो प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इसमें हॉट सीट बरहेट भी शामिल है। यहां से सीएम हेमंत सोरेन जेएमएम उम्मीदवार हैं। भाजपा ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र से विकास महतो, जबकि बरहेट (अजजा) विधानसभा क्षेत्र से गमालियल हेंब्रम को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले पार्टी ने 66 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इस तरह पार्टी 68 उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है।

# दिल्ली में अवैध पटाखों की बिक्री का आरोप लगाते हुए गोपाल राय ने एलजी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर पटाखों की अवैध बिक्री और वितरण में शामिल लोगों के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई करने, दिल्ली पुलिस द्वारा नियमित निरीक्षण करने और दिल्ली की सीमाओं पर सतर्कता बढ़ाने का आग्रह किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा है कि पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली पुलिस की निगरानी में खुलेआम पटाखे बेचे जा रहे हैं। यूपी और हरियाणा बॉर्डर से दिल्ली में पटाखे लाए जा रहे हैं। पटाखा प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की विफलता पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एलजी को पत्र लिखा है। गोपाल राय के मुताबिक पटाखों की अवैध बिक्री और वितरण में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। यूपी और हरियाणा से पटाखों की अवैध आमद को रोकने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर बैरिकेडिंग लगाकर निगरानी बढ़ाई जाए। दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली के एलजी को लिखे पत्र में गोपाल राय ने कहा है कि यह अच्छी



तरह से स्थापित है कि पटाखे फोड़ने से न केवल पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी बीमारियों वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा पड़ता है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, दिल्ली सरकार ने 14 अक्टूबर को आदेश जारी कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 1 जनवरी 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से यह बात मेरे संज्ञान में लाई गई है कि इतने प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली के विभिन्न बाजारों में पटाखे खुलेआम बेचे जा रहे हैं। ये पटाखे दिल्ली से हरियाणा और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली विभिन्न सीमाओं से लाए जा रहे हैं। इसका तात्पर्य यह है कि दिल्ली पुलिस ने पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के निदेशों को गंभीरता से नहीं लिया है और विक्रेता खुलेआम लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं। दिवाली के दौरान इन पटाखों को जलाने से वायु प्रदूषण और निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने वाला है। गोपाल राय ने एलजी को लिखे पत्र में मांग की है कि मैं आपसे पटाखों की अवैध बिक्री और वितरण में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई का आग्रह करता हूं। दिल्ली पुलिस द्वारा थोक और खुदरा पटाखा विक्रेताओं का नियमित निरीक्षण और निगरानी बढ़ाने के लिए पटाखों की अवैध आमद को रोकने के लिए सीमाओं पर बैरिकेडिंग की जाए। दिल्ली की हवा को खराब होने से रोकने के लिए इस समय पड़ोसी राज्यों की सीमाओं पर निगरानी जरूरी है।

### अखनूर में घात लगाकर हमला करने की कोशिश में शामिल तीनों आतंकवादी मारे गए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में सोमवार को सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला करने की कोशिश में शामिल तीनों आतंकवादी मारे गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, जम्मू जिले के अखनूर के बट्टल इलाके में सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला करने की कोशिश में शामिल तीनों आतंकवादी मारे गए हैं। मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। इसके बाद ही उनकी सही पहचान पता चल पाएगी। सेना और सुरक्षा बलों के बीच इलाके में आतंकवादियों के साथ लगातार मुठभेड़ के बाद लगभग एक घंटे तक गोलीबारी बंद रही, जिसके बाद सूत्रों ने बताया कि तीनों आतंकवादी मारे गए हैं। इससे पहले दिन में आतंकवादियों ने अखनूर इलाके में सेना के एक वाहन पर घात लगाकर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई।

**NAME CHANGED**

I ANJU Bhadauria W/o Vijay Pratap Singh R/o Sector-08/108, Chiranjeev Vihar, Kavi Nagar Ghaziabad/ 201002 changed my name Anju Singh to Anju Bhadauria for all future purposes.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। मंगलवार 29 अक्टूबर-2024 | दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव : स्क्रूटनी के बाद बचे 14 उम्मीदवारों के नाम

## नाम वापसी के बाद फाइनल होगी उम्मीदवारों की लिस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** शहर विधानसभा सीट-56 पर होने वाले उपचुनाव के लिए सोमवार को नाम निर्देशन की जांच का अंतिम दिन था और इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने 19 उम्मीदवारों के जो नामांकन पत्र आए थे, उनकी जांच की। जांच के बाद पांच प्रत्याशियों को चुनावी मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। बताया गया है कि इन पांच उम्मीदवारों ने प्रशासन को जो पत्र सौंपे थे उन दस्तावेजों में कमियां मिली थी। जिसके बाद उनके नाम हटा दिए गए हैं। जिन पांच नामांकन पत्रों को जांच के बाद खारिज किया गया है, उसमें प्रमुख रूप से वीके अग्रवाल, कुलभूषण त्यागी, सोम प्रताप गहलौत, वीरेंद्र कुमार और सत्यम शर्मा का पर्चा खारिज हुआ है।






### अब एक ही ईवीएम में हो जाएगा पूरा उपचुनाव

**करंट क्राइम ।** विधानसभा उपचुनाव की शहर सीट गाजियाबाद-56 पर कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। उनके नामांकन पत्रों की जांच के बाद पांच लोगों के पर्चे खारिज कर दिए गए हैं। अब विधानसभा उपचुनाव की इस रणभूमि में 14 नाम शेष है। देखना होगा कि 30 अक्टूबर तक नाम वापसी का अंतिम दिन है। बचे हुए नाम में से कौन चुनाव से पैर पीछे खींचता है, अगर इनमें से किसी और उम्मीदवार ने अपना पर्चा वापस लिया तो चुनावी रण में उतरने वाले चेहरों की संख्या 14 से भी कम जा सकती है। बता दें कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एक ईवीएम के अंतर्गत अधिकतम 14 लोगों के नाम ही दर्ज होते हैं। इस वजह से अब प्रशासन की डबल ईवीएम वाली परेशानी का अपने आप ही सॉल्यूशन निकल गया है।

### किसी की उम्र निकली कम, किसी के दस्तावेज थे अधूरे

**करंट क्राइम ।** विधानसभा उपचुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया है कि सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान वीके अग्रवाल, कुलभूषण त्यागी, सोम प्रताप गहलोत, वीरेंद्र कुमार और सत्यम शर्मा का पर्चा खारिज किया गया है। इसमें सत्यम शर्मा का पर्चा उम्र के कारण खारिज किया गया है। वहीं विधानसभा चुनाव के लिए न्यूनतम आयु सीमा 25 वर्ष निर्धारित है जबकि सत्यम शर्मा द्वारा दाखिल किए गए दस्तावेजों के मुताबिक उम्र मात्र 23 वर्ष की थी। बाकी चार अन्य नामांकन फॉर्म भरने में हुई गलतियों के कारण निरस्त किए गए हैं।

### 30 अक्टूबर है नाम वापसी की अंतिम तिथि

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद विधानसभा सीट-56 पर होने वाले उपचुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक की गई है। रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद ने कहा है कि 30 अक्टूबर को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम में दर्ज होने वाले नाम फाइनल माने जाएंगे।

### ये 14 प्रत्याशी बचे हैं उपचुनाव मैदान में शेष

**करंट क्राइम ।** भाजपा से संजीव शर्मा,सपा से सिंह राज, बसपा से पीएन गर्ग, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से सत्यपाल चौधरी, एआईएमआईएम से रवि गौतम, हिंदुस्थान निर्माण दल से पूनम चौधरी, राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी (सत्य) से धर्मेंद्र सिंह, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी से पवन, राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी से गयादीन अहिरवाल, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से रवि कुमार पांचाल और बतौर निर्दलीय प्रत्याशी विनय कुमार शर्मा, मिथुन जायसवाल, रुपेश चंद्र और शमशेर राणा ने नामांकन किया है।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

## कहा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद शहर सीट-56 पर उपचुनाव होना है। उपचुनाव में नामांकन की प्रक्रिया के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान करने को लेकर की जाने वाली तैयारियों का जायजा लेना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान हालातो पर संतोषजनक जवाब दिया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी कैमरे एवं कमरों का निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों को निर्देश दिया गया है की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएमएल विवेक मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं राजनीतिक पार्टियों में सपा से ताहिर हुसैन, सुभाष चंद्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, दयाराम सेन बसपा ,राजेंद्र शर्मा कांग्रेस और केएस चौहान सीडीएम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





### साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

**करंट क्राइम ।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह निर्वाचन संबंधी बैठक समाप्त कर पार्टी प्रतिनिधियों के साथ कोषागार मार्ग से ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करने जा रहे थे। उनकी नजर कोषागार में साफ-सफाई और कमरों पर पड़ी, इसके बाद उन्होंने पूर्व में दिए गए साफ-सफाई के आदेश को ठीक प्रकार से अमल में ना आने पर नाराजगी जताई और कहा है कि यहां की साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था का ठीक प्रकार से ध्यान रखा जाए।

### निर्वाचन कंट्रोल रूम शुरू, नंबर हुए जारी

**करंट क्राइम ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद गाजियाबाद की विधानसभा 56—गाजियाबाद शहर सीट में उप निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है। जिसके मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी के निदेशानुसार सौरभ भट्ट नोडल अधिकारी कन्ट्रोल रूम/कॉल सेन्टर/निर्वाचन कार्य सम्बंधी शिकायत प्रकोष्ठ/सी—विजिल द्वारा निर्वाचन कार्य से सम्बंधित किसी भी शिकायत एवं सुझाव हेतु कन्ट्रोल रूम दूरभाष नम्बर 120-2989032 व 120-2989034 जारी किया है। जिसमें किसी भी मतदाता, जागरूक नागरिक, निर्वाचन कर्मी एवं अन्य गणमान्य निर्वाचन से सम्बंधित किसी भी सूचना, शिकायत एवं सुझाव हेतु दिए गए नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# चुनाव प्रशिक्षण ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर दर्ज होगी एफआईआर











**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** विधानसभा उपचुनाव ठीक प्रकार से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से आईटीएस मोहन नगर में प्रथम पाली में 10 से 1 बजे तक माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षण के दौरान 75 माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे। वहीं 26 तारीख को अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं द्वितीय पारी में दो से पांच बजे तक कराया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है की अनुपस्थिति कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उनपर एफआईआर दर्ज कराने का भी आदेश दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि अब तक कुल 147 अनुपस्थित पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों में से 112 उपस्थित हुए हैं। शेष सभी अनुपस्थित चुनावकर्मियों की एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश कार्मिक प्रभारी राजेश कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। इसके साथ ही उनके विरुद्ध विभाग के अध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र भी जारी किया गया है। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि निर्वाचन एवं मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान राजेश कुमार सिंह कार्मिक प्रभारी, प्रज्ञा श्रीवास्तव, सहप्रभारी कार्मिक, डॉ. हामिद लतीफ प्राचार्य क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान, प्रोफेसर श्रवण कुमार व पवन कुमार भाटी जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# चुनाव आएगा धीरे-धीरे जन मुद्दों के रोचक मोड़ पर

## जनता पूछेगी तो सही विपक्ष से भी कितना उतरे हो हमारे लिए रोड पर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव अब धीरे-धीरे अपने रोमांच की ओर बढ़ेगा। फेस्टिवल सीजन समाप्त होते ही चुनावी सीजन अपनी स्पीड पकड़ लेगा और फिर हर पार्टी के प्रत्याशी गली मोहल्लों में वोट मांगेंगे। बड़ी जनसभाओं से लेकर गली नुक्कड़ पर सभाएं होंगी। अगर मुद्दों की बात करें तो यहां पब्लिक विपक्ष से लेकर सत्ता के चेहरों से सवाल तो पूछेगी। क्योंकि ये विधानसभा थोड़ी अलग है। यहां छोटी बस्तियां भी हैं और गली मोहल्ले भी हैं। ऐसे में इस बात की पूरी उम्मीद है कि उम्मीदवार को किसी मोड पर जनता के सवालों का सामना करना पड़ सकता है। चुनाव जब रौचक मोड पर आएगा तो ये सवाल भी उभरकर आएगा कि जो चेहरे हमारे रहनुमा बनने आए हैं वो हमारी समस्याओं को लेकर सड़क पर कितनी बार आए। लोग पूछेंगे तो सही ऑन द रोड कितनी बार आए हैं। ई-रिक्शा का मुद्दा उठेगा और यहां केतली वालों को बताना पड़ेगा कि वो इस मुद्दे पर क्यों खामोश रहे। हाथी वालों को भी ये तो जस्टिफाइ करना ही पड़ेगा कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि हमारी आवाज आप नहीं बनें।

यहां कांग्रेस और सपा जरूर जवाब देने की स्थिति में होंगे। यहां भाजपा के उम्मीदवार के पास भी जवाब होगा। ये बता सकते हैं कि संघर्ष में वो साथ रहे। उम्मीदवारों की बात करें तो उन्हें जवाब देना होगा। इसके अलावा कई अन्य मुद्दे हैं जिनमें थाने चौकी से जुड़े मामले हैं, महंगाई से जुड़े मामले हैं, विकास से जुड़े मामले हैं और बड़ी बात यही है कि जब जनता किसी बात को लेकर परेशान हैं तो समाधान के लिये विपक्ष के किन चेहरों में घमासान मचा है। कौन जनता की आवाज बनकर साथ आया। अगर बसपा पक्ष के किसी चेहरे ने साथ दिया है तो फिर ये सच भी सामने आएगा। विपक्ष का कोई नेता आवाज बना है तो ये भी सामने आएगा। चुनाव अब धीरे-धीरे अपने उफान पर आएगा। गली मोहल्ले में नुक्कड़ सभाएं होंगी और सवाल तो उठेंगे ही।

# नगर आयुक्त की मुहिम से रोशन हुआ शहर

## निगम ने पांच जोनों में लगाई 3200 लाइटें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा प्रकाश विभाग के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश, प्रभारी प्रकाश कामाख्या प्रसाद आनंद, सह प्रभारी आसकुमार तथा सभी जोन के लाइट इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बारी-बारी सभी वार्डों में लगी हुई लाइटों के बारे में जानकारी ली तथा दो दिन के भीतर शेष लाइटों को लगाने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश विभाग को रात्रि में निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया तथा पार्षदों के साथ संपर्क करते हुए ऐसे स्थान जहां अंधेरा है चिन्हित करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश द्वारा बताया गया कि सभी जोन अंतर्गत रफ्तार से लाइटों को मरम्मत करने तथा नई लाइटों को लगाने का कार्य चल रहा है जिसमें 3200 लाइटें अभी तक लग चुकी है केवल 1800 लाइट शेष हैं जिनको दो दिन के भीतर ऐसे स्थान जहां अंधेरा है लगा दी जाएंगी।





### अगले 2 दिनों में विभाग लगाएगा 1800 अतिरिक्त लाइटें

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की दीपावली पर होने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बैठक में लाइट इंस्पेक्टर से सीधा संपर्क करते हुए वार्डों में लग रही लाइटों की जानकारी ली। पार्षदों के कहे अनुसार स्थान पर लाइट लगाई जा चुकी हैं। इसके अलावा अन्य ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा बना हुआ था उनको भी चिन्हित करते हुए लाइट लगाने का कार्य चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग इसके अलावा शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए पार्कों में मुख्य चौराहा पर भी सौंदर्य करण का कार्य तेजी से कर रहा है। कवि नगर जोन अंतर्गत हापुड़ चुंगी चौराहे को सुंदर बनाया गया है। सिटी अंतर्गत आर्य नगर चौक पर लाइटों से सौंदर्यकरण किया गया है। होली चाइल्ड चौराहा, घंटाघर चौराहा, शहीद स्थल नया बस स्टैंड, वसुंधरा जोन अग्रसेन चौक पर भी लाइटों से सौंदर्यकरण किया गया है। इसके अलावा महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देशानुसार निगम के जोनल कार्यालय तथा मुख्यालय को भी लाइटों से सुसज्जित किया गया है।

# गाजियाबाद क्षेत्र में पकड़ा गया 865 किलोग्राम प्रदूषित पनीर

## हरियाणा के मेवात और अमरोहा से गाजियाबाद बोलेरो से लाया जा रहा था, बदबू आने पर गड्ढे में दबाया





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में खाद सुरक्षा टीम ने हरियाणा के मेवात और यूपी के अमरोहा से आ रही दो बोलेरो को रोका। तलाशी लेने पर दोनों गाड़ियों में पनीर लदा हुआ मिला। खाद्य सुरक्षा टीम के मुताबिक दोनों बोलेरो में 8 क्विंटल 65 किलो पनीर था। यह खराब था। जिसको गड्ढे में दबाकर नष्ट किया गया। पनीर से बदबू आ रही थी। आगे की कार्रवाई की जा रही है। गाजियाबाद में सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 अरविंद यादव ने बताया कि गाजियाबाद के भीखनपुर में दो बोलेरो में मौजूद 8 क्विंटल 65 किलोग्राम पनीर को गड्ढे में दबाकर नष्ट किया गया है। इसमें से एक बोलेरो हरियाणा के मेवात से आ रही थी, जबकि दूसरी बोलेरो यूपी के अमरोहा से आ रही थी। नष्ट किए गए पनीर की कीमत 1 लाख 73000 रुपए थी। पनीर से बदबू आ रही थी। साथ यह स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह था।

### कैमिकल के ड्रमों में भरकर लाया गया था पनीर

सहायक आयुक्त ने बताया कि मेवात से आई बोलेरो पिकअप में पनीर को कैमिकल के ड्रमों में भरकर लाया गया था। सूचना के आधार पर टीम ने दोनों गाडियों को पकड़ लिया। नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं, जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है त्यौहारों के मौके पर भी कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदने से उसे जांच परख लें। यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता ठीक न लगे तो उसे प्रयोग न करें और एफडीए को सूचित करें। खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## संपादकीय

# बच्चों में रक्तचाप

हमारे देश में बच्चों और किशोरों में उच्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या बेहद चिंताजनक है. एम्स के विशेषज्ञों का कहना है कि 10 से 19 साल की आयु के लगभग 15 से 20 प्रतिशत बच्चों एवं किशोरों में सामान्य से अधिक रक्तचाप की समस्या है. इससे मस्तिष्क आघात, दिल का दौरा, किडनी की बीमारियां और आंखों को नुकसान होने जैसी स्थितियां पैदा हो सकती हैं।

रक्तचाप की नियमित जांच और आवश्यक उपचार पर ध्यान देना बहुत जरूरी हो गया है. उल्लेखनीय है कि वयस्कों में भी यह समस्या गंभीर होती जा रही है. मुश्किल यह है कि अपने ब्लड प्रेशर को लेकर लोग अनजान बने रहते हैं. जिन्हें अधिक रक्तचाप का पता चल जाता है, उनमें से भी बहुत लोग उपचार नहीं कराते. ऐसे में उसका असर गहरा होता जाता है. बच्चों और किशोरों के मामले में अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है. ध्यान रहे, उच्च रक्तचाप बीमारी नहीं है, वह अनेक बीमारियों का लक्षण है. बच्चे हों या बड़े, उच्च रक्तचाप होने के कारण समान हैं. एक तो यह अनुवांशिक हो सकता है।

बच्चों में मोटापा की समस्या भी बढ़ रही है. अधिक वजन से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है. कम आयु में तंबाकू या अन्य तरह के नशे की लत भी एक वजह हो सकती है. पढ़ाई का दबाव लगातार बढ़ता गया है. साथ ही, कंप्यूटर और मोबाइल का इस्तेमाल भी खूब होने लगा है. खेल-कूद के समय भी बच्चे-किशोर पढ़ाई में लगे होते हैं या फिर कंप्यूटर या मोबाइल पर मनोरंजन कर रहे होते हैं. शहरों में खेल के मैदान घटते जा रहे हैं. आवासीय इलाकों में इस पर कम ही ध्यान दिया जा रहा है. स्कूलों की दशा भी बेहतर नहीं है. गलाकाट प्रतिस्पर्धा और मोबाइल की लत, ऑनलाइन गेम आदि से तनाव बढ़ता जा रहा है. बच्चों और किशोरों में, बड़ों में भी, उच्च रक्तचाप का यह बड़ा कारण है। अभिभावकों की अपनी व्यस्तता और जीवनशैली भी बच्चों और किशोरों को प्रभावित करती है. इस समस्या और स्वास्थ्य से जुड़े अन्य मामलों के समाधान के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को अग्रणी भूमिका निभानी होगी. तनाव न हो या उसका सामना कैसे किया जाए, इस बारे में स्कूलों में सिखाया जाना चाहिए. माता-पिता को अपनी संतानों के साथ अधिक समय बिताना चाहिए तथा यह जानने-समझने का प्रयास करना चाहिए कि उनके जीवन में क्या चल रहा है।

चिकित्सकीय या मनोवैज्ञानिक परामर्श लेने में कोई हिचक या देरी समस्या को गंभीर बना सकती है. कुछ महानगरीय स्कूलों में बच्चों और अभिभावकों के साथ संवाद की समुचित व्यवस्था है. ऐसे इंतजाम सभी विद्यालयों में किये जाने चाहिए. यदि कम आयु में उच्च रक्तचाप के मसले को संभाल लिया जाए, तो आगे चलकर अनेक गंभीर और घातक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है।

# 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्ति को स्वास्थ्य बीमा की सौगात, छह करोड़ लोगों को होगा सीधा लाभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 70 वर्ष और इससे अधिक उम्र के नागरिकों को दिवाली से पहले स्वास्थ्य बीमा की सौगात देंगे। पीएम मोदी मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 70 वर्ष और इससे अधिक उम्र के नागरिकों को दिवाली से पहले स्वास्थ्य बीमा की सौगात देंगे। पीएम मोदी मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की शुरूआत करेंगे। इससे करीब 4.5 करोड़ परिवारों के लगभग छह करोड़ नागरिकों को लाभ होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस योजना के तहत गरीब हो या अमीर, 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र का प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड पाने के लिए पात्र है। विस्तारित योजना शुरू होने पर वरिष्ठ नागरिक एबी



पीएमजेएवाई के तहत किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। मौजूदा योजना के लाभार्थियों में 49 फीसदी महिलाएं हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले बताया था कि इस योजना के तहत आम जनता को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ हुआ है।

### पोर्टल या आयुष्मान एप पर कराना होगा पंजीकरण

एक सितंबर, 2024 तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को एबी पीएमजेएवाई के तहत सूचीबद्ध किया गया है। यह योजना फिलहाल दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू की जा रही है। इस आवेदन आधारित योजना में लोगों को पीएमजेएवाई पोर्टल या आयुष्मान एप पर पंजीकरण कराना होगा, जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें नए कार्ड के लिए फिर से आवेदन करना होगा और अपना ईकेवाईसी फिर से पूरा करना होगा।

### अतिरिक्त टॉप-अप कवर की भी सुविधा

एबी पीएमजेएवाई के तहत पहले से ही कवर परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा। इसे उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा, जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कवर मिलेगा।

### यू-विन पोर्टल समेत कुछ अन्य योजनाओं की भी होगी शुरूआत

पीएम मोदी नियमित टीकाकरण की इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री बनाए रखने के लिए विकसित यू-विन पोर्टल को भी मंगलवार को लॉन्च करेंगे। इसी दिन कुछ अन्य परियोजनाओं की भी शुरूआत की जाएगी। यू-विन पोर्टल अभी पायलट आधार पर संचालित किया जा रहा है। इस प्लेटफॉर्म को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ जन्म से लेकर 17 वर्ष की उम्र तक के बच्चों के टीकाकरण का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए विकसित किया गया है। यू-विन कोविड-19 टीका प्रबंधन प्रणाली को-विन की प्रतिकृति है।

### इन्हें मिलेंगे विकल्प

अधिकारियों ने पहले कहा कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत हैं, इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे। हालांकि, जो लोग पहले से ही केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।



## भारतीय शेयर बाजार में लौटी खरीदारी, सेंसेक्स 602 अंक उछला

**मुंबई।** लगातार गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के कारोबारी सत्र में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 602 अंक या 0.76 प्रतिशत बढ़कर 80,005 और निफ्टी 158 अंक या 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,339 पर था। तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों की ओर से किया गया। निफ्टी बैंक 471 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,259 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एमएंडएम, सनफार्मा, एचयूएल, एसबीआई, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे। आज करीब सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। सबसे अधिक तेजी पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, ऑटो, आईटी और मीडिया इंडेक्स में देखी गई। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 458 अंक या 0.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 55,736 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 214 अंक या 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,062 पर था। बाजार के जानकारों का कहना है कि अच्छे क्वालिटी वाले शेयरों में बेहतर नतीजें पेश करने वाले शेयरों में खरीदारी देखने को मिल रही है। निवेशकों ऐसे बाजार में सही वैल्यूएशन वाले शेयरों में ही निवेश करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इजरायल की ओर से ईरानी ऑयल फील्ड्स को हमला न बनाए जाने के कारण वैश्विक बाजार में तेजी है। हालांकि, अमेरिकी बाजारों में अनिश्चितता के कारण निवेश सतर्कता बरत रहे हैं। बाजार की शुरूआत हल्की तेजी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 273 अंक या 0.34 प्रतिशत की तेजी के बाद 79,675 और एनएसई का निफ्टी 74.35 अंक या 0.31 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,255 पर था।

## 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारत को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गुणवत्तापूर्ण नौकरियों की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। देश के 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को लेकर बेहतर आय वितरण के लिए पहले से अधिक औपचारिक और क्वालिटी नौकरियों की जरूरत होगी। हाल ही में आई एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। डेलॉइट की एक रिपोर्ट के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के विस्तार पर सरकार का ध्यान दिया जाना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस सेक्टर में श्रमिकों के आने से औपचारिक रोजगार मिलने की संभावना बढ़ जाती है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की 51.4 प्रतिशत नौकरियां वेतनभोगियों से जुड़ी हैं। इस बदलाव से नियमित वेतन और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीने वाले लोगों की आय स्थिरता में वृद्धि होगी। इसके अलावा, सर्विस सेक्टर के विकास से नौकरियों के औपचारीकरण में सहायता मिलेगी, इससे श्रमिकों को औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने और कौशल को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरती इंडस्ट्री में वृद्धि से ऐसे अवसर पैदा होंगे, जिनके लिए उन्नत शिक्षा और विशेष कौशल की आवश्यकता होगी, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके अलावा, स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों की ओर भारत का कदम ऊर्जा, कृषि, पर्यटन और परिवहन सहित विभिन्न क्षेत्रों में हरित रोजगार पैदा करेगा। भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा, महत्वाकांक्षी आबादी है। शोधकताओं का मानना है कि उम्र बढ़ने के साथ सीखने की क्षमता कम होती जाती है। इससे पता चलता है कि युवा लोगों में जल्दी नए कौशल सीखने की संभावना अधिक होती है। एक अध्ययन में पाया गया कि युवा मन और मस्तिष्क स्वाभाविक रूप से अधिक लचीले और खोजी होते हैं। यह भारत को कौशल विकास में निवेश से पर्याप्त लाभ प्राप्त करने की स्थिति में रखता है। युवाओं की क्षमता को पहचानते हुए, सरकार ने हाल ही में इंटर्नशिप कार्यक्रम चलाने और उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने की पहल की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार, ये भारतीय युवाओं की रोजगार क्षमता और कौशल को बेहतर बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। कई राज्य भी बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने का प्रयास कर रहे हैं। वे औपचारिक रोजगार सृजन और कौशल विकास में सक्रिय रूप से निवेश कर रहे हैं।



## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

संता ने चैलेंज किया कि वह कुतुब मीनार को सिर पर रख कर मुंबई ले जा सकता है।
इस पर सारी मीडिया वहां पहुंच गई...!
तब संता ने मीडिया से कहा-
बस कोई कुतुब मीनार उठा के उसके सिर पर रख दे...!!!

---

चिंटू मोबइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया
पहले सवाल पर ही उसे भगा दिया गया...
सवाल- सबसे मशहूर नेटवर्क कौन सा है?
चिंटू- कार्टून नेटवर्क।

---

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- तानाशाही शासक के तौर पर पहचान रखने वाले सद्दाम हुसैन के बारे में आपको यह नहीं पता होगा वह लेखक भी थे। सद्दाम ने Zabiba and the King नाम की किताब लिखी था, जो 2000 में प्रकाशित हुई।
- ताइवान में एक ऐसा रेस्त्रां है, जहां आने वाले कस्टमर को खाना टॉयलेट के आकार के बने एक स्टैंड पर दिया जाता है।
- प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस विलियम्स ट्रैवलिंग के लिए हमेशा अलग-अलग प्लेन का प्रयोग करते हैं। इसकी बड़ी वजह थी कि प्लेन क्रैश हो जाए तो दोनों में से कोई एक तो जीवित रहेगा ही।
- घड़ी एक ऐसी चीज है जो हर जगह होती है। आप पार्टी कर रहे हों या मीटिंग में हों, समय की पाबंदी हर जगह होती है। इस नियम को तोड़ते हुए लॉसवेगास के एक कसीनो ने किसी भी तरह की घड़ी नहीं लगाई है। कसीनो के मालिक का मानना है कि यहां आप समय की पाबंदी के बिना मस्ती कर सकते हैं।
- तानाशाह जर्मन शासक हिटलर बचपन में पादरी बनना चाहता था. सबसे बड़ी बात कि जिस इंसान से आज भी लोग खौफ खाते हैं, उसे बिल्लियों से डर लगता था। यही डर नेपोलियन को भी था।


दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी




दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप : चिराग चिकारा ने जीता गोल्ड, भारत के नाम रहे 9 मेडल

**तिराना ।** 18 वर्षीय चिराग चिकारा ने अल्बानिया के तिराना में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में अपने नाम गोल्ड किया, जो इस टूनामेंट में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक है।

चिराग ने किर्गिस्तान के अब्दिमलिक काराचोव को रोमांचक फाइनल मुकाबले में 4-3 के अंतर से हराया। इस तरह यह युवा पहलवान पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद मात्र दूसरा पहलवान है, जिसने अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

पहले राउंड में जापान के गटुको ओजावा को 6-1 से हराने के बाद, उन्होंने रूस के इयुनस इवाबतिरोव पर 12-2 से जीत के साथ अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दबदबा बनाया।

सेमीफाइनल में चिराग ने कजाकिस्तान के एलन ओरलबेक के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की जहां उन्होंने कराचोव को हराया।

चिराग, अमन सेहरावत के नक्शेकदम पर चल रहे हैं, जिन्होंने पिछले साल 57 किग्रा वर्ग में भारत के लिए अंडर-23 कुश्ती में पहला स्वर्ण पदक जीता था। जबकि रितिका हुड्डा ने महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल में सुजीत कलकल ने 70 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के मुस्तफो अखमेदोव पर 13-4 से जीत दर्ज करके कांस्य पदक जीता।

विक्की चाहर ने 97 किग्रा वर्ग में यूक्रेन के पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता इवान प्रिमेचेंको को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता।

अभिषेक के 61 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक ने शनिवार को भारत के पदकों की गिनती शुरू की, जिससे पुरुष फ्रीस्टाइल कुश्ती दल के लिए मजबूत स्थिति बन गई। इसके बाद भारत ने चार पदक अर्जित किए और ईरान, जापान, अजरबैजान के बाद अपने वर्ग में चौथे स्थान पर रहा।



# तीसरा टेस्ट डब्ल्यूटीसी के लिए अहम वानखेड़े में टीम इंडिया की क्या होगी रणनीति

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवा दी और कई अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम किए। यह हार केवल यहीं तक सीमित नहीं रही, इसका प्रभाव टीम के मनोबल से लेकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका तक पड़ा है।

अब रोहित एंड कंपनी के सामने वानखेड़े में कीवी टीम के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में न सिर्फ लाज बचाने की चुनौती होगी, बल्कि डब्ल्यूटीसी को ध्यान में रखकर मुकाबला भी जीतना होगा। घरेलू सरजमीं में टीम इंडिया के फ्लॉप शो ने कई सवाल खड़े किए हैं। इसके घेरे में कोच, कप्तान और अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली भी हैं।



न्यूजीलैंड के खिलाफ न तो गंभीर की कोचिंग काम आई और न ही कप्तान रोहित शर्मा की रणनीति। जबकि, विराट कोहली बल्ले से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी में भी वो पुरानी धार नजर नहीं आई। अब सवाल यह है कि जब सीनियर प्लेयर ही घुटने टेक देंगे तो अन्य खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जाए।

पिछले 12 साल में टीम इंडिया को अपने ही घर में पहली बार किसी टीम से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है और अब उसके सामने एक बड़ा खतरा है। न्यूजीलैंड ने तो इतिहास बना दिया लेकिन अब टीम इंडिया क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। अगर, कीवी टीम वानखेड़े टेस्ट भी जीतने में सफल होगी तो यह एक बड़ा रिकॉर्ड होगा क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम का घर पर कभी भी तीन या उससे ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप नहीं हुआ है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया मुंबई में 30 और 31 अक्टूबर को अभ्यास करेगी।

# मयंक, बिश्नोई और पूरन को रिटेन कर सकती है लखनऊ सुपर जायंट्स : सूत्र

**नई दिल्ली ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) अपनी कोर टीम को बरकरार रखते हुए आईपीएल 2025 के लिए कमर कस रही है। निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई वो तीन खिलाड़ी हैं, जिन्हें फ्रैंचाइजी ने बरकरार रखा है।

इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने आईएएनएस को यह बताया कि पूरन आईपीएल 2025 में टीम की कमान संभालने की दौड़ में सबसे आगे होंगे। केएल राहुल को लखनऊ रिटेन न करने का फैसला कर सकती है, हालांकि ऐसी स्थिति में उनके पास नीलामी में एक राइट टू मैच कार्ड का भी विकल्प होगा।

फ्रेंचाइजी के एक करीबी सूत्र ने आईएएनएस को बताया, ₹फ्रेंचाइजी पूरन पर अपना भरोसा दिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने पिछले साल भी कप्तानी की थी और उनके पास राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने का भी अनुभव है। इसलिए हम उन पर भरोसा कर सकते हैं। उनके अलावा, हम तेज गेंदबाज मयंक यादव और रवि बिश्नोई को भी रिटेन कर सकते हैं।



बीते कुछ सीजन में विस्फोटक बल्लेबाज और विकेटकीपर पूरन लखनऊ के लिए स्टार बनकर उभरे। 2023 में 16 करोड़ रुपये में टीम के साथ जुड़ने के बाद वह लीग में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए। पिछले सीजन में राहुल की अनुपस्थिति के दौरान उन्होंने अपनी पावर-हिटिंग क्षमता और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया।

29 वर्षीय पूरन ने अपने आईपीएल डेब्यू के बाद से टूनामेंट में अपनी एक बड़ी पहचान बना ली है, जहां 2017 में मुंबई इंडियंस के साथ मात्र 30 लाख रुपये से लेकर वो अब लखनऊ के साथ 16 करोड़ रुपये में जुड़े हैं, जो उनकी पूर्व फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एक जोरदार कांटे की टक्कर और प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद हुई थी।

मयंक को लखनऊ ने 2022 की मेगा ऑक्शन में 20 लाख रुपए में खरीदा था। अब तक उन्होंने आईपीएल के चार मैच सहित कुल सात टी20 खेले हैं। जिसमें तीन उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज के दौरान खेले थे।

मयंक बीसीसीआई द्वारा बेंगलुरु में हाल में ही खोले गए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं और इसके पीछे के कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है।

इन तीन खिलाड़ियों के अलावा, अन्य दो संभावित खिलाड़ी में युवा तेज गेंदबाज मोहसिन खान और मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज आयुष बदोनी हो सकते हैं।

आईएएनएस ने पहले भी बताया था कि लखनऊ के कप्तान केएल राहुल को फ्रेंचाइजी इस बार रिटेन नहीं कर सकती है, और उनके मेगा ऑक्शन में शामिल किए जाने की संभावना है।२२२

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने जाने पर हर्षित राणा ने कहा, 'पापा की बदौलत यहां तक पहुंचा हूं

**नई दिल्ली।** भारत की ऐतिहासिक 2020-21 टेस्ट सीरीज जीत हर किसी को याद है। इस दिन एक युवा क्रिकेटर हर्षित राणा ने एक सपना देखा था, जो अब तीन साल बाद हकीकत बनने वाला है।भारत की 18 सदस्यीय टीम में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक हर्षित राणा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल हैं।घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार परफॉर्मेंस के बाद राणा की यात्रा उनके समर्पण को दशार्ती है। उम्मीद है कि अनुभवी खिलाड़ियों और गौतम गंभीर की कोचिंग में वह इस मौके को पूरी तरह भुनाने में सफल होंगे।आईपीएल 2024 के बाद से राणा भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं, वह लगातार टीम के साथ यात्रा करते रहे हैं और उन्होंने अच्छा अनुभव हासिल किया है। जिम्बाब्वे, श्रीलंका और बांग्लादेश के दौरों के दौरान डेब्यू न करने के बावजूद, राणा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों के साथ अपने कौशल को निखारा है। उन्होंने खासकर ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के बारे में इन गेंदबाजों से बहुत कुछ सीखा और होमवर्क किया होगा।आईपीएल के जरिए राणा ने अपने कौशल को खूब निखारा है। उन्होंने 2024 में 13 मैचों में 19 विकेट लिए और 20.15 के प्रभावशाली औसत के साथ सबका ध्यान खींचा। इस प्रदर्शन के कारण उन्हें जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 के लिए भारत की ओर से शुरूआती कॉल-अप मिला। हालांकि, वह प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो पाए लेकिन यह अनुभव उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। भारत के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल से सीखते हुए, राणा ने प्रत्येक सत्र के लिए अलग-अलग लक्ष्यों के साथ अपने कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया।राणा ने कहा, "मोर्ने मोर्कल हम पर कड़ी नजर रखते हैं और प्रत्येक गेंदबाज नेट पर क्या कर रहा है, इस पर उनका फोकस हमेशा रहता है। वह हमेशा हमें बताते हैं कि हमें प्रत्येक गेंद पर क्या लक्ष्य रखना चाहिए। इससे मुझ स्पष्टता मिलती है कि मुझे आगे क्या करना है। उन्होंने मुझे हर गेंदबाजी सत्र के लिए एक स्पष्ट उद्देश्य रखने की सलाह दी है। टीम के इतने अनुभवी खिलाड़ियों



के साथ खेलना शानदार होगा। कोच गौतम गंभीर से भी हमें बहुत कुछ सीखने मिलता है।"उन्होंने आगे कहा, "मुझे तब पता चला कि मैं ऑस्ट्रेलिया जा रहा हूं जब टीम की आधिकारिक घोषणा की गई। लेकिन मुझे इस बात का संकेत था कि मेरा चयन हो सकता है क्योंकि उन्होंने मुझे तैयारी के लिए टीम में रखा था। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना जाना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं प्रतिस्पर्धी रवैये के साथ क्रिकेट खेलना पसंद करता हूं, जो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की भावना से मेल खाता है।

# पीएम मोदी ने जीता फुटबॉल फैंस का दिल

## स्पेनिश फुटबॉल को लेकर कही ये बात

**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड परिसर में सी-295 विमान निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्पैनिश फुटबॉल का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान कहा, ₹स्पेन की फुटबॉल को भारत में काफी पसंद किया जाता है। कल रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मैच हुआ और इस पर भारत में भी चर्चा हुई। बार्सिलोना की शानदार जीत यहां भी चर्चा का विषय रही। मैं आपको यह भी बता सकता हूं कि भारत में दोनों क्लबों के प्रशंसकों के बीच उतनी ही हंसी-मजाक हुई, जितनी स्पेन में होती।₹

पीएम मोदी ने स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर वडोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया, जो विमान क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा।



दोनों नेताओं ने सी 295 सैन्य विमान के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) प्लांट का अनावरण किया, जिसे टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने एयरबस स्पेन के सहयोग से विकसित किया है।

बार्सिलोना के लिए हाल ही में एल क्लासिको में जीत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। क्लब हांसी फ्लिक के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन कर रहा है।

पहले हाफ में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन के बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के दो गोलों के साथ तेजी से जीत की राह खुली, जिसके बाद लैमिन यामल ने गोल किए, जो क्लासिको के इतिहास में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए।

रॉबर्त लेवानदॉस्की के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूनामेंट में शनिवार को खेले गए मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड पर 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। टीम 2017-18 में बनाए बार्सिलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई।

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए वनडे और टी20 कोच बने जेसन गिलेस्पी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए जेसन गिलेस्पी को मुख्य कोच नियुक्त किया है।

गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे बोर्ड ने सोमवार को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया और आगामी दौरे के लिए सीमित ओवरों की देखरेख जेसन गिलेस्पी को सौंपी।

पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया, "गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा दे दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे।"

कर्स्टन ने केवल छह महीने के कार्यकाल के बाद ही इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्स्टन और पीसीबी के बीच मतभेद थे। ये मतभेद खासकर टीम चयन और ऑस्ट्रेलिया-जिंबाब्वे के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए टीम का चयन करने को लेकर थे।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी वर्तमान में पाकिस्तान की रेड-बॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे हैं। वह अब वनडे और टी20 टीमों का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। मेलबर्न में 4 नवंबर से शुरू होने वाले आगामी दौरे में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच उनका पहला असाइनमैंट होगा।आईपीएल में गुजरात टाइटंस के साथ अपने सफल प्रदर्शन के बाद अप्रैल 2024 में पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में कर्स्टन का कार्यकाल शुरू हुआ था।



# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभालेगा नया कप्तान

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम में अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में नया कप्तान होगा, क्योंकि कई मुख्य खिलाड़ी भारत के साथ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी में जुटे हैं।

सीरीज के शेड्यूल में टकराव के कारण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने टी20 टीम के लिए नए नेतृत्व का चुनाव किया है। मिशेल मार्श की गैरमौजूदगी में जोश इंग्लिस, एडम जम्पा, या मैट शॉर्ट में से किसी को कप्तान बनाया जा सकता है।

इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट खिलाड़ियों, जैसे कि मार्श, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड के न होने से टीम के नए खिलाड़ियों के पास नेतृत्व संभालने का मौका है।



**इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट खिलाड़ियों, जैसे कि मार्श, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड के न होने से टीम के नए खिलाड़ियों के पास नेतृत्व संभालने का मौका है।**

ब्रिस्बेन, सिडनी और होबार्ट में होने वाले मैचों के लिए चुनी गई 13 खिलाड़ियों की टीम में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम का नेतृत्व करने की कोशिश करेंगे। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को अस्थाई कप्तान की नियुक्ति को मंजूरी देनी होगी।

टीम के कोच आंद्रे बोरोवेक होंगे, जिन्होंने पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में भी इसी तरह की टीम का नेतृत्व किया था। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और उनके सहायक कोच माइकल डी वेनुटो और डैन वेटोरी पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और फिर टेस्ट मैचों पर ध्यान देंगेचयन प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, यह खासतौर पर उत्साहजनक है कि जेवियर, स्पेंसर और नाथन राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का एक और मौका है।

टी20 सीरीज में तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट, स्पेंसर जॉनसन और नाथन एलिस भी शामिल होंगे, जो चोट के कारण यूके दौरे में नहीं खेल पाए थे। स्पेंसर ने हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है, जबकि बार्टलेट और एलिस अभी चोट से पूरी तरह उबर रहे हैं इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों जैसे कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कूपर कोनॉली और सीन एबॉट को मौका मिलेगा, जबकि मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को भी भूमिकाओं में देखा जाएगा। इस टीम में एडम जम्पा, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और नाथन एलिस जैसे प्रमुख सफेद गेंद विशेषज्ञ भी रहेंगे, जो पाकिस्तान के खिलाफ टीम का मार्गदर्शन करेंगे।

# भारतीय महिला लीग का दूसरा सीजन जनवरी 2025 में होगा शुरू

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला फुटबॉल लीग अपने मौजूदा होम-एंड-अवे प्रारूप में दूसरे सीजन में लौट रही है। टूनार्मेंट का आगाज 10 जनवरी 2025 को होगा।

इस सीजन में भारतीय महिला लीग में आठ टीमें होंगी, जिसमें पिछले सीजन के भारतीय महिला लीग 2 चैंपियन श्रीभूमि एफसी (पश्चिम बंगाल) और उपविजेता एनआईटीए फुटबॉल अकादमी (ओडिशा) नई टीमों के रूप में शामिल होंगे।

लीग 10 जनवरी को डबल-हेडर के साथ शुरू होगी, जिसमें भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में गत चैंपियन ओडिशा एफसी का ईस्ट बंगाल एफसी से मुकाबला दोपहर बाद तीन बजे होगा। इसके बाद, गोकुलम केरल एफसी और श्रीभूमि एफसी के बीच मैच मंजेरी के पय्यानाड स्टेडियम में शाम चार बजे खेला जाएगा।

टीमें इस व्यस्त सीजन में प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसके तहत वे तीन महीने के दौरान कोलकाता, बेंगलुरु, नई दिल्ली, चेन्नई और भुवनेश्वर सहित प्रमुख शहरों की यात्रा करेंगी।



इससे पहले, यह सत्र अक्टूबर 2024 में शुरू होना था और छह महीने तक चलना था, लेकिन बाद में इसे अगले साल जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## हापुड़ में टीबी टीकाकरण की दी गई ट्रेनिंग: डॉक्टर बोले- टीबी मुक्त भारत बनाना पीएम का सपना है, 5 ग्राम पंचायतें हुईं मुक्त





**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में संयुक्त जिला चिकित्सालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग और पंचायत राज विभाग की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमओ डॉ. सुनील कुमार त्यागी के निर्देशन में आयोजित होने वाली कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि संयुक्त जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित पंचायत राज विभाग और स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया पीएम मोदी का टीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा करने के लिए दोनों विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। पहले चरण में जिले की 5 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित की गई थी।

दूसरे चरण के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 22 अक्टूबर को लखनऊ में हुआ था। जिसमें खुद डीटीओ डॉ. राजेश सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक शर्मा और जिला पीपीएम समन्वयक मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करके आए मास्टर ट्रेनर्स ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया।

जिला स्तरीय ट्रेनर ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी ग्राम प्रधानों और पंचायत राज विभाग के ग्राम सचिव शामिल होंगे। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला क्षय रोग विभाग के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ पंचायत राज विभाग से एडीओ पंचायत (गढ़) अमित कुमार, एडीओ पंचायत सिम्भावली शिवम पांडे, एडीओ पंचायत (हापुड़) सतीश कुमार, और एडीओ पंचायत (धौलाना) संजय कुमार भी शामिल रहे।

### हापुड़ में धोखाधड़ी गिरोह की संपत्ति जब्त

## 18 माह में पैसा दोगुना करने के नाम पर करते थे ठगी, 1.75 करोड़ की संपत्ति जब्त

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी के बड़े मामले में एक गिरोह के एक सदस्य की 1.75 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। आरोप है कि इस गिरोह ने निवेश के नाम पर लोगों को 18 महीनों में धन दोगुना करने का झांसा देकर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये ठग लिए। आरोपी गिरोह के सदस्य फिलहाल जेल में बंद हैं, और उनके खिलाफ पहले से ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) वरूण मिश्रा ने बताया कि गांव चांदनेर निवासी अशोक, धर्मपाल, सुषमा, सुनीता, दिनेश, मुकेश, संजीव, और बुलंदशहर के अशोक ने निफ्टेक ग्लोबल नाम से एक कंपनी बनाई थी। इन्होंने एजेंटों के माध्यम से लोगों को निवेश करने पर 18 महीनों में धन दोगुना करने का लालच दिया, जिसके झांसे में हापुड़ समेत आसपास के जनपदों के हजारों लोग फंस गए। लेकिन कोरोना काल के दौरान आरोपियों ने कंपनी बंद कर दी और लोगों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गए। इनके खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैं, और सभी आरोपी फिलहाल जेल में हैं।



### 1.75 करोड़ की संपत्ति जब्त

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर गिरोह के सदस्य मुकेश की संपत्ति की जांच की गई, जिसमें गांव चांदनेर के जंगल में उसके नाम पर 0.4850 हेक्टेयर भूमि का पता चला। इस जमीन की बाजार कीमत लगभग 1.75 करोड़ रुपये आंकी गई है। न्यायालय के आदेश पर भूमि पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए बोर्ड लगा दिए गए हैं और गांव में मुनादी भी कराई गई है। इसके अतिरिक्त, सभी आरोपियों की अन्य संपत्तियों की भी जांच जारी है, ताकि कानून के दायरे में उन्हें सजा दिलाई जा सके।

## फरुखनगर के युवक मोरटा में बना रहे थे सुतली बम, पुलिस ने मारा छापा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण के चलते पटाखे फोड़ने और बेचने पर पाबंदी है। फिर भी लोग चोरी छिपे पटाखे बेच रहे हैं और पुलिस छापेमारी कर ऐसे लोगों को पकड़ भी रही है। आज पुलिस ने मुरादनगर थानाक्षेत्र में कुछ लोगों को घर में पटाखे बनाने के दौरान पकड़ लिया। मौके से फेविकॉल और बारूद बरामद हुई है। मोरटा चौकी क्षेत्र से पुलिस ने एक हजार से ज्यादा अधबने सुतली बम बरामद करने का दावा किया है।

### मोरटा के एक घर में बना रहे थे पटाखे

पुलिस के मुताबिक फरुखनगर निवासी अनिरुद्ध और गौरव को मोरटा चौकी क्षेत्र स्थित एक मकान में पटाखे बनाते पकड़ा गया है। पुलिस ने मौके से 10 किलो फेविकोल और साढ़े छह किलो से अधिक बारूद बरामद की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद छापा मारकर दोनों युवकों को हिरासत में लिया और फेविकोल और बारूद के अलावा अधबने बम बरामद किए हैं। मौके से पुलिस को पटाखों के पलीते से भरा एक बैग, छह हजार नग गत्ते की नलकी, करीब 350 बर्थडे कैंडल भी मिली हैं।

### फरुखनगर में पुलिस की सख्ती के चलते पहुंचे थे मोरटा

गाजियाबाद के फरुखनगर में बड़े पैमाने पर पटाखों का निर्माण होता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पटाखों पर बैन के चलते पुलिस लगातार फरुखनगर में छापेमारी करती रही है। एक समय था कि फरुखनगर के हर घर में पटाखा फैक्ट्री हुआ करती थी, लेकिन अब पुलिस की सख्ती के चलते फरुखनगर के कारीगर जगह बदलकर पटाखे बनाने के काम में लगे हैं। मुरादनगर से फरुखनगर निवासी अनिरुद्ध और गौरव की गिरफ्तारी ने यह बात साफ कर दी है।

### सिहानीगेट थाना पुलिस ने 60 कट्टे पटाखे पकड़े

सिहानीगेट थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शिब्बनपुरा में अपने घर से पटाखे बेच रहे दो युवचकों को गिरफ्तार किया है। ध्यान सिंह कश्यप और गौरव को पुलिस ने घर में पटाखे बेचते पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 60 किलो पटाखे बरामद करने का दावा किया है। दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि पटाखे प्रतिबंधित होने के कारण घर से पटाखे बेचकर भारी मुनाफा कमाया जा सकता है, इसलिए यह काम कर रहे थे।

## कार्ड बदलकर निकाले 1.36 लाख

### पीड़ित बोला- ऐरर दिखाने पर कार्ड साफ करने के बहाने मांगा, निकाल लिए रुपए

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ कोतवाली सिटी इलाके में गढ़ रोड के पक्काबाग स्थित एक बैंक के एटीएम में एक व्यक्ति से जालसाजी की घटना सामने आई है। अज्ञात जालसाज ने एटीएम कार्ड साफ करने का झांसा देकर पीड़ित के खाते से करीब 1.36 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूरा मामला पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राणा पट्टी के रहने वाले नरेंद्र सिंह के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को वह अपने साथी गोविंदा चौहान के साथ हापुड़ किसी काम से आए थे। पैसे निकालने के लिए जब वह पक्का बाग स्थित एटीएम पहुंचे, तो वहां पहले से एक अज्ञात व्यक्ति मौजूद था। उन्होंने जब एटीएम मशीन में अपना कार्ड डाला, तो मशीन ने एफ्फ्रडफ दिखाया और काम नहीं किया। इस बीच, वहां खड़े अज्ञात व्यक्ति ने उनका कार्ड लेकर साफ कर दिया और वापस कर दिया।



### एटीएम का उपयोग करने में सावधानी बरतें

कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच कार्यवाही की जा रही है। पुलिस पीड़ित की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं और स्थानीय लोग एटीएम का उपयोग करने में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

### घर पहुंचने के बाद उन्हें फोन पर कई मैसेज आए

नरेंद्र ने फिर से मशीन में कार्ड डाला, लेकिन एफ्फ्रडफफिर से आया। निराश होकर, वह अपने साथी के साथ घर लौट आए। घर पहुंचने के बाद उन्हें फोन पर कई मैसेज आए, जिनमें से तीन मैसेज 10 हजार रुपये के और एक 6 हजार रुपये का था। इसके अलावा, एक लाख रुपये निकाले जाने का भी मैसेज आया। इस पर उनका होश उड़ा गया। बाद में पता चला कि जालसाज ने उनका एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी कर उनके खाते से कुल 1.36 लाख रुपये निकाल लिए थे।

## सभी फ्लोर की लेनी होगी एनओसी, तब लगेगी लिफ्ट

### नोएडा में 4 फ्लोर के भवनों में लिफ्ट लगवाने के लिए पॉलिसी में बदलाव किया गया

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में चार मंजिला भवनों में लिफ्ट लगवाने की पॉलिसी में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब जिस ब्लाक और टावर के लिफ्ट लगाने के लिए अनुरोध किया जाएगा। उस टावर और ब्लाक के सभी तलों के आवंटियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। इसके बाद ही प्राधिकरण की ओर से लिफ्ट लगाने की अनुमति दी जाएगी। इससे पहले प्रथम तल और उसके ऊपरी तलों के 50 प्रतिशत से अधिक फ्लैट आवंटियों द्वारा अनापत्ति का शपथ पत्र लिया जाता था। इस संशोधन को प्राधिकरण ने अपनी बोर्ड में पास किया।

नोएडा के कई सेक्टरों में प्राधिकरण और निजी बिल्डरों द्वारा चार मंजिला के भवनों का निर्माण किया गया है। नोएडा की भवन नियमावली के तहत ये फ्लैट बहुमंजिला की श्रेणी में नहीं आते। ऐसे में इन भवनों में लिफ्ट लगाने के लिए प्राधिकरण बाध्य नहीं है। हालांकि यहां बुजुर्ग की संख्या को बढ़ते देख लिफ्ट लगवाने के लिए सेक्टर वासियों की ओर से लगातार डिमांड की जाती रही।



### 186वीं बोर्ड में पास हुआ पहला प्रस्ताव

ऐसे में प्राधिकरण ने 186 बोर्ड बैठक में इससे संबंधित एक प्रस्ताव रखकर उसे पास किया। जिसके तहत जिस टावर में लिफ्ट लगानी है उसके प्रथम तल और ऊपरी तल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। संबंधित सोसाइटी और आरडब्ल्यूए से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। निर्माण का खर्चा आवेदन कर्ता को उठाना पड़ेगा। फायर डिपार्टमेंट से एनओसी लेनी होगी। इसे लागू किया। लेकिन इस बीच एक सोसाइटी के निवासियों ने आपत्ति उठाई कि लिफ्ट लगवाने में हमारी सहमति होनी जरुरी है। ये लोग बाकी तल पर रहने वाले है।

ऐसे में 190वीं बोर्ड ने प्रथम के साथ ऊपर के सभी फ्लोर वालों की 50 प्रतिशत संख्या में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया। जिसमें ग्राउंड फ्लोर को इस अनापत्ति से दूर रखा गया। इसे लागू किया गया।

### अब सभी तल के लोगों से लेनी होगी एनओसी

लेकिन इस बार ग्राउंड फ्लोर निवासियों ने आपत्ति लगाई कि लिफ्ट से स्ट्रक्चर और कॉमन एरिया को कम किया जा रहा है। ऐसे में प्राधिकरण की 215वीं बोर्ड बैठक में नियम को संशोधित किया गया। और ग्राउंड समेत सभी तलों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की बद ही लिफ्ट लगवाने के लिए आवेदन करने के क्लॉज को पास किया गया।

## गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में हिंडन सीमांकन को और समय मांगा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदूषण और अवैध निर्माण के चलते अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हिंडन के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन करना ढेडी खीर साबित हो रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जनपद में शुरू हुआ सीमांकन कार्य पूरा करने के लिए अब उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जुलाई, 2025 तक का समय मांगा गया है। मई में जवाब दाखिल करते हुए सरकारी की ओर से चुनावी व्यवस्तता के चलते कार्य पूरा न हो पाने की बात कहते हुए जुलाई तक काम पूरा करने की बात कही गई थी, प्रदेश सरकार की मांग पर एनजीटी ने तीन माह का समय दिया था। लेकिन 18 अक्टूबर को सरकार की ओर से इस कार्य के लिए जुलाई, 2025 तक का समय मांगा गया है।

17 अक्टूबर को एनजीटी के समक्ष पेश जवाब में कहा गया है कि चिन्हांकन के लिए ड्रोन सर्वे कराया जा रहा है। छह टीमें सर्वे ऑफ इंडिया के निर्देशन में काम कर रही हैं। अगले दो महीनों में दोनों जिलों में नदी के किनारे 850 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का सर्वेक्षण पूरा कर लिया जाएगा। 'प्रत्येक टीम प्रति माह लगभग 75 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करेगी। हमने पहले ही लगभग 30 वर्ग किलोमीटर का सर्वेक्षण कर लिया है, बाकी का सर्वेक्षण 31 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद, दोनों जिलों में हिंडन के दोनों ओर बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन करने के लिए पोल लगाए जाएंगे।

## युवक पर नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

### अश्लील वीडियो बनाकर 6 महीने से कर रहा था ब्लैकमेल

**जेवर करंट क्राइम।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र की एक यूनिवर्सिटी में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्रा ने एक युवक पर दुष्कर्म और ब्लैकमेल का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा ने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें युवक पर पिछले 6 महीनों से दुष्कर्म और धमकी देने का आरोप है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### वीडियो बनाकर डराया, जान से मारने की धमकी

छात्रा मूल रूप से सुल्तानपुर की रहने वाली है और दनकौर की एक यूनिवर्सिटी में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। साथ ही, वह कस्बे के एक निजी अस्पताल में प्रैक्टिस भी करती है, जहां आरोपी युवक से उसकी मुलाकात हुई। पीड़ित का आरोप है कि युवक ने उसे अपने कमरे पर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद से वीडियो का डर दिखाकर वह लगातार उसे ब्लैकमेल कर रहा था और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था।

### सहपाठियों से साझा की आपबीती, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

पीड़ित ने बताया कि वह काफी समय तक इस भय और धमकी में चुप रही, लेकिन आखिरकार उसने अपनी आपबीती सहपाठियों को बताई, जिन्होंने उसे पुलिस में शिकायत करने का सुझाव दिया। पीड़िता का कहना है कि युवक उसे वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दे रहा था। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा




**लोनी करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 24 घंटे में ही फरार चल रहा दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 27 अक्टूबर को वादिया की तहरीर के अनुसार पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था।

28 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दुष्कर्म का आरोपी अपने ही घर पर मौजूद है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वादिया उसके भाई के पास मजदूरी करती थी। इस दौरान उससे संबंध हो गए।

आरोपी डेढ़ साल से उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। परेशान होकर युवती ने लोनी बॉर्डर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने वादिया की तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर तथा मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पार्षद निधि से बनने वाली सड़क का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में नगर निगम में सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है किसी को लेकर वार्ड 98 के पार्षद डॉ अनिल तोमर ने पार्षद निधि से बनने वाली सड़क का उद्घाटन किया। पार्षद अनिल तोमर ने बताया कि पहली बार पार्सल निधि से वार्ड में सड़क बन रही है, क्लाउड नाइन, ऋषभ प्लैटिनम, डिजायर रेजिडेंसी भारत रेजिडेंसी और हिमालय टावर तक बनेगी मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य होना है। उन्होंने मेयर व नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया। सड़क निर्माण कार्य को लेकर समिति के लोगों में खुशी है और उन्होंने पार्षद का फूल मालाओं से शुरूआत किया लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है यह क्षेत्र के लिए खुशी की बात है।




## कई इलाकों की लैपर्ड पर नजरें

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों त्यौहारी सीजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। तो बाजारों से लेकर प्रमुख इलाकों में भीड़भाड़ बढ़ गई है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही कि इन दिनों कई सर्किल और कई जोन में लैपर्ड पर नजरे लगाई जा रही हैं। सुनने में आया है कि कई इलाकों में पटाखे की बिक्री कराने में स्थानीय बीट वाली लैपर्ड का हाथ है। कई जगह पूरा दारोमदार ही लैपर्ड वालों के हाथ में है। उधर सुनने में आया है कि जोन चाहे कोई भी हो और सर्किल किसी भी जोन का पर मामला सब जगह एक समान चल रहा है। वहीं सुनने में तो यहां तक आया है कि इलाका कोई भी हो लेकिन पटाखे की सेल के नाम पर खेल चारों ही ओर चल रहा है। कहीं ग्रीन पटाखे के नाम पर दुकान सजी हैं। तो कहीं गोदाम के बराबर से ही माल को बेचा जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक तो ऐसा इलाका भी है जहां चौकी के सामने ही ट्रक से पटाखे उतर रहे हैं। वैसे इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अभी कुछ ही थानाक्षेत्रों में पटाखे को लेकर धमाकेदार कार्रवाई हुई है। बाकी जगह मामला अभी डाउन चल रहा है। वैसे दीपावली के लिए चंद दिन बचे हैं और अभी तक पटाखे की बिक्री को लेकर कोई आदेश और निर्देश नहीं आया है। वैसे पुलिस ने इस बार पटाखों को लेकर वैसा कोई अभियान नहीं चलाया जो पूर्व में चलता रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले साल भी रोक के बावजूद जमकर पटाखों की आवाज और धुंआ हुआ था। उन इलाकों में भी पटाखों का खूब शोर सुनाई दिया था जिनके ऊपर पटाखों को नहीं चलने देने की महत्वपूर्ण वाली जिम्मेदारी थी। वहीं सुनने में आ रहा है कि इस बार भी पटाखों को लेकर आदेशों का इंतजार बना हुआ है कि फैसला क्या होगा। उधर इन सबके बावजूद लगातार कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पटाखे की बिक्री और पटाखों का शोर बता रहा है कि माल जमकर बिक रहा है। उधर बता दें कि बीते दोनों कुछ सर्किल में कार्रवाई हुई थी लेकिन उसके बाद मामला शांत चल रहा है। सुनने में आ रहा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि पटाखों के मामले में लैपर्ड वालों का रोल सबसे ज्यादा नजर आ रहा है। देखना होगा कि पूरा मामले ऐसे ही सेफ चलता रहेगा या कोई शिकार भी होगा।




## नोएडा को मिलेंगे दो और नए पिंक बूथ : मिशन शक्ति 5.0 के तहत हो रहा काम, पूरे शहर में 11 पिंक बूथ का संचालन

**नोएडा करंट क्राइम।** महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस सप्ताह दो नए पिंक बूथ जनपद में स्थापित किए जाएंगे। इसका उद्घाटन पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा किया जाएगा। एक पिंक बूथ सेंट्रल नोएडा जोन के भंगेल में जबकि दूसरा ग्रेटर नोएडा जोन में स्थापित होगा। पिंक बूथ का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। अब जनपद में पिंक बूथ की संख्या 13 हो जाएगी। वर्तमान में 11 पिंक बूथों का संचालन जिले के अलग-अलग हिस्से में हो रहा है।

### अपराध पर कसी जाएगी नकेल

मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को बेहतर सुरक्षा देने के लिए पुलिस कमिश्नर ने बीते मंगलवार को दो नए पिंक बूथ का उद्घाटन किया था। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि पिंक बूथ के माध्यम से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध पर नकेल कसी जाएगी। उन्होंने सभी महिलाओं से बिना किसी संकोच के अपनी शिकायतें दर्ज कराने की अपील की है। मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मी सभी सोसाइटी और कॉलेजों में जाकर महिलाओं को आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक कर रही हैं।




### महिलाओं को किया जाएगा जागरूक

इस दौरान महिलाओं और छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, और साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 के बारे में जानकारी दी जाती है। जो नए बूथ संचालित होंगे, वहां एक सब इंस्पेक्टर और चार अन्य महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। यहां शिकायत दर्ज कराने आने वाली महिलाओं के बैठने समेत सभी मूलभूत सुविधाएं उनके लिए उपलब्ध होंगी। फरियादी महिलाओं के लिए बाथरूम, किचन और प्राथमिक चिकित्सा की भी यहां सुविधा मिलेगी। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं बूथ में तैनात महिला पुलिसकर्मियों से मदद ले सकती हैं। बूथ में महिला अपराध से जुड़े सभी मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

## दीपावली पर खोड़ा नगरपालिका चेयरमैन मोहनी शर्मा ने कर्मचारियों को बांटे उपहार



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने सभी स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों व सफाई मित्रों को दीपावली उपहार भेंट किये। चेयरमैन मोहनी शर्मा ने कहा कि यह पर्व पांच दिवसीय पर्व है। इस पर नगर पालिका के सफाई मित्रों की जिम्मेदारी काफी बढ जाती है क्योंकि इन दिनों में साफ-सफाई पर ज्यादा ध्यान रखना होता है। इसलिए आप सभी सफाई मित्र इन पांच दिनों में अपना त्यौहार मनाने के साथ-साथ शहर को स्वच्छ व सुन्दर रखना भी आप व हम सभी की जिम्मेदारी है, क्योंकि जब खोड़ा स्वच्छ होगा तभी हमारा नारा स्वच्छ खोड़ा सुन्दर खोड़ा व स्वस्थ खोड़ा साकार होगा। सभी कर्मचारियों का वेतन उनके खातों में स्थानान्तरित करा दिया गया है, जिससे सभी कर्मचारी परिवार सहित त्यौहार बडी धूमधाम से मना सकें। कार्यक्रम का संचालन सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा किया गया। इस मौके परचेयरमैन पति पं अमरपाल शर्मा पूर्व विधायक विधानसभा साहिबाबाद एवं चेयरमैन के समस्त समर्थकों में मुख्य रूप से सी पी शर्मा, सभासद वार्ड नंबर 14 नेहरू गार्डन नगरपालिका खोड़ा मकन पुर मनोज अत्री आदि ने गिफ्ट वितरण करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



# हसीना की पार्टी के पचास हजार छात्रों का जीवन संकट में करना पड़ रहा अंतरिम सरकार की कार्रवाई का सामना

**ढाका ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग (एएल) पार्टी की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता अंतरिम सरकार की कार्रवाई का शिकार हो रहे हैं।

15 वर्षों तक बांग्लादेश में शासन करने वाली इस पार्टी को इस साल अगस्त में एक छात्र आंदोलन का सामना करना पड़ा, जिसमें उनकी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया गया। शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के कम से कम 50,000 छात्र सहयोगियों को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कॉलेज कैंपसों में अवामी लीग के खिलाफ हिंसा की लहर दौड़ रही है।



**अंतरिम सरकार ने बीसीएल को बताया आतंकवादी संगठन :** 23 अक्तूबर को नोबल पुरस्कार विजेता मेहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने बीसीएल पर प्रतिबंध लगा दिया और इसे आतंकवादी संगठन करार दिया। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के अनुसार, बीसीएल का देश में पिछले 15 वर्षों से दुराचार का रिकॉर्ड रहा है, जिसमें हिंसा, उत्पीड़न और सरकारी संस्थानों का शोषण शामिल है। एक अंडरग्रेजुएट केमिस्ट्री के छात्र ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा,

**15 वर्षों तक बांग्लादेश में शासन करने वाली इस पार्टी को इस साल अगस्त में एक छात्र आंदोलन का सामना करना पड़ा, जिसमें उनकी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया गया। शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा**

₹अभी कुछ समय पहले मैं यहां अधिकार की आवाज था। अब मैं एक भगोड़े की तरह यहां से वहां भाग रहा हूं जिसका कोई भविष्य ही नहीं है। ऐसा केवल एक मामला नहीं है। उनके जैसे सभी छात्र सहयोगी, जिनका बांग्लादेश में कॉलेज परिसरों में मजबूत पकड़ थी, अब बुरी तरह से टूट चुकी है।

बता दें कि बांग्लादेश में जुलाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। दरअसल, कॉलेज के छात्रों ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली को खत्म करने की मांग की।

उन्होंने इस आरक्षण प्रणाली को सत्ताधारी पार्टी के समर्थकों के पक्षधर में बताया। हालांकि, बांग्लादेश की शीर्ष अदालत ने आरक्षण को रद्द कर दिया और यह विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री सेख हसीना के शासन को हटाने के लिए एक व्यापक आह्वान में बदल गया।

## छात्रों ने बताया राजनीति का हाल

एक छात्र ने मीडिया को बताया कि उन्होंने विरोध प्रदर्शन के खिलाफ सरकार की कार्रवाई में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कहा, मेरी बहनें इस विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थी।

मैं भी इसमें विश्वास करता था, लेकिन पार्टी के दायित्व में फंस गया था। अब प्रतिबंधित पार्टी में उनके शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा, ₹मैं एक होनहार छात्र था, मुझे राजनीति की कोई परवाह नहीं थी। लेकिन ढाका यूनिवर्सिटी में हॉल में होने वाली राजनीति से बचा नहीं जा सकता था।

आपको या तो उसमें शामिल होना पड़ेगा या भी आपको जूझना पड़ेगा।

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इस्राइल से बदला लेने की धमकी दी, कहा- ईरानी लोगों की ताकत दिखानी होगी

**तेहरान ।** ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामेनेई ने इस्राइल को धमकी दी है और कहा है कि इस्राइल ने ईरान पर हमला कर गलती कर दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्राइल को ईरानी लोगों की ताकत, दृढ़ संकल्प की ताकत समझानी होगी। खामेनेई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'यहूदी शासन ने दो रात पहले गलत कदम उठाया है। हमें दृढ़ संकल्प, ईरानी लोगों की पहल और ताकत दिखानी होगी।'

## बदला लेने की बात से किया परहेज

गौरतलब है कि इस्राइल हाल ही में ईरान पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों की पुष्टि इस्राइल और ईरान दोनों ने की थी। इस्राइल ने ये हमले ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए। हालांकि इन हमलों में हुए नुकसान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। ईरान ने हमलों के बाद बयान जारी कर बताया कि उनके हवाई सुरक्षा सिस्टम ने इस्राइल के हमले को नाकाम



**ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामेनेई ने इस्राइल को धमकी दी है और कहा है कि इस्राइल ने ईरान पर हमला कर गलती कर दी है।**

कर दिया। यही वजह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता ने इस्राइल हमलों को लेकर कहा कि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर नहीं पेश करना चाहिए और न ही इन्हें बहुत हल्के में लेना चाहिए। हालांकि खामनेई ने जवाबी हमले करने की बात से परहेज किया।

## ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल फैक्ट्री को हुआ नुकसान!

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस्राइली हमले में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल बनाने वाली फैक्ट्री को नुकसान पहुंचा है। कहा जा रहा है कि इसे फिर से ऑपरेशनल बनाने में ईरान को कम से कम दो साल का समय लगेगा। ये ईरानी सेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि अगर उनके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई तो वे फिर से हमला करेंगे।

बीते दिनों हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की इस्राइली हमले में मौत के बाद ईरान ने इस्राइल पर हवाई हमला किया था। हालांकि उस हमले में इस्राइल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था। इस्राइल ने ईरानी हमले का बदला लेने की धमकी दी थी।

# मिस्र ने दिया गाजा में दो दिवसीय युद्धविराम का प्रस्ताव, इस्राइली बंधकों की रिहाई के बदले रखी ये शर्त

**काहिरा ।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने रविवार को बताया कि मिस्र ने गाजा में दो दिवसीय युद्धविराम का प्रस्ताव दिया है। इसका उद्देश्य कुछ फलस्तीनी कैदियों के लिए चार इस्राइली बंधकों की अदला-बदली है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इस्राइली बंधकों की रिहाई के अलावा 10 दिनों की बातचीत भी शामिल है।

पिछले हफ्ते इस्राइली सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार ने इसे इस्राइल की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट में प्रस्तुत किया था। अधिकांश मंत्रियों और सुरक्षा अधिकारियों ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच और राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने इसका विरोध किया।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव को मतदान के लिए न रखने का प्रस्ताव चुना। उन्होंने



**पिछले हफ्ते इस्राइली सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार ने इसे इस्राइल की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट में प्रस्तुत किया था। अधिकांश मंत्रियों और सुरक्षा अधिकारियों ने इस विचार का समर्थन किया।**

रोनेन बार को बातचीत के लिए मिस्र वापस भेज दिया। इस्राइली मीडिया ने बताया कि हमास ने मिस्र के प्रस्ताव को स्वीकार करने की इच्छा जताई। उन्होंने इस्राइल से यह आश्वासन भी मांगा कि इस्राइल भी मिस्र के प्रस्ताव का पालन करेगा। मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने बंधकों की रिहाई को लेकर सीआईए निदेशक बिल बर्न्स और कतर के प्रधान मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से बातचीत के लिए रविवार को दोहा का दौरा किया। मिस्र में हाल ही के बैठक में डेविड बार्निया ने बंधकों की रिहाई के बदले गाजा से निकलने का सुरक्षित मार्ग की पेशकश की थी

एक रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने इस प्रस्ताव को तुरंत खारिज कर दिया।। हमास के उप-प्रमुख खलील अल-हया ने दावा किया कि यह प्रस्ताव हमास के बारे में इस्राइल की गलतफहमी को दिखाता है। इसमें संघर्ष को और लंबा खींचने का जोखिम है। हालांकि, मिस्र बातचीत के लिए कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेज रहा है।

पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। इस हमले में हजारों इस्राइली नागरिकों की मौत हो गई थी।

# कौन हैं अरबपति बिदजिना इवानिशविली? जिन पर लगा चुनाव में सरकार के लिए वोट खरीदने का आरोप

**त्बिलिसी ।** जब जॉर्जिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने 12 साल पहले पहली बार राजनीति में कदम रखा था, तो उन्होंने काला सागर से लगते देश में लोकतंत्र लाकर यूरोप को चकित करने की कसम खाई थी। मगर, त्बिलिसी की सत्तारूढ़ पार्टी के अरबपति संस्थापक बिदजिना इवानिशविली ने वही किया जो कई आलोचकों का कहना है कि इसके बिल्कुल उलट है। यानी वह अपने राजनीतिक विरोधियों की शक्ति पर अंकुश लगाने के लिए देश को अंतरराष्ट्रीय अलगाव की स्थिति में ले गए।



इस महीने यूरोपीय संसद ने शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ प्रतिबंधों की मांग की। साथ ही उन पर आरोप लगाया कि वह जॉर्जिया को पश्चिम से दूर रूस की ओर ले जाना चाहते हैं। इसलिए लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। हालांकि, इसके बाद सबकी निगाहें संसदीय चुनाव पर टिक गई थी कि आखिर साल 2012 से सत्ता में मौजूद उनकी जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी फिर से जीतती है या नहीं। देश के चुनाव आयोग के आंकड़ों के आधार पर, जॉर्जियाई ड्रीम ने बहुमत हासिल करने का एलान किया है। हालांकि, विपक्षी दलों ने परिणामों पर कड़ा विरोध जताया है। उनका दावा है कि चुनाव में धांधली हुई है।

## गरीबी से लेकर अरबपति बनने तक का सफर

पश्चिमी जॉर्जिया के चोरविला गांव में गरीबी में जन्मे इवानिशविली ने 1990 के दशक में रूस में अपना भाग्य आजमाया। उन्होंने उस समय सोवियत संपत्तियों के निजीकरण के रूप में भारी संपत्ति कमाई की।

# जमीन पर पड़े मिले 20 के नोट ने बदली शख्स की किस्मत पैसे से खरीदा लॉटरी टिकट, लगा 10 लाख का जैकपॉट

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में एक दुकान के बाहर 20 डॉलर जमीन पर पड़ा मिला। इस रुपये ने उत्तरी कैरोलिना के एक व्यक्ति के लिए एक मिलियन डॉलर की लॉटरी का रास्ता खोल दिया। बैनर एल्क का एक कारपेंटर जेरी हिक्स एक दुकान की तरफ जा रहा था। इस दौरान उसे जमीन पर जमीन पर 20 डॉल पड़ा हुआ मिला। व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने उस बिल का उपयोग टिकट खरीदने में किया।

जेरी हिक्स ने कहा, ₹मुझे स्पीडवे के बाहर पार्किंग में 20 डॉलर मिले। मैंने इसका उपयोग टिकट खरीदने में किया। उन्होंने पैसे उठाए और बूने में एन.सी. 105 पर स्पीडवे में चले गए। वहां से उन्होंने एक कैश स्क्रैच-ऑफ खरीदा। हिक्स ने आगे कहा, उनके पास वह टिकट नहीं था, जिनकी मुझे तलाश थी। इसलिए मैंने वह टिकट खरीदा। बता दें कि इस टिकट पर उन्हें एक मिलियन डॉलर का जैकपॉट लगा।

विजेता के पास अपनी पुरस्कार राशि का दावा करने के लिए दो



**अमेरिका में एक दुकान के बाहर 20 डॉलर जमीन पर पड़ा मिला**

विकल्प थे। पहला कि 20 वर्षों में 50,000 डॉलर की वार्षिक राशि के रूप में पुरस्कार प्राप्त करें और दूसरा यह कि 600,000 डॉलर की लम्पसम राशि प्राप्त करें। उन्होंने दूसरा विकल्प चुना और टैक्स कटने के बाद उन्हें 429,007 डॉलर रुपये इनाम में मिला। इस राशि से हिक्स अपने परिवार वालों के लिए योजनाएं बनाएंगे। इस राशि से वे अपने बच्चों की मदद करेंगे और 56 वर्षों बाद कारपेंटर की नौकरी से सेवानिवृत्त होना चाहते हैं।

# जॉर्जिया चुनाव के नतीजों पर विपक्ष का हंगामा जारी, ईयु परिषद के अध्यक्ष बोले- जांच हो

**ब्रसेल्स ।** जॉर्जिया की सत्तारूढ़ रूस समर्थक पार्टी के संसदीय चुनावों में जीतने के बाद सियासी पारा चरम पर है। विपक्षी नेताओं ने धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि मतपत्रों में हेराफेरी की गई है। इन नतीजों ने देश को राजनीतिक उथल-पुथल में डाल दिया और यूरोप में जॉर्जिया की भविष्य की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन सबके बीच, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने 'चुनावी अनियमितताओं' की पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की मांग की है।



यूरोपीय संघ परिषद के अध्यक्ष ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि कथित अनियमितताओं को गंभीरता से स्पष्ट किया जाना चाहिए।

# नेपाल ने 100 रुपये के नोट में भारतीय क्षेत्र को अपना बताया, रणनीतिक रूप से अहम है तीनों इलाके

**काठमांडो ।** नेपाल ने 100 रुपये मूल्य वाले नोटों की छपाई का काम चीन की कंपनी चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन को सौंपा है। यह कंपनी नोटों की 30 करोड़ प्रतियां छापेगी। इस नोट में बने नक्शे में भारत के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी क्षेत्र को नेपाल का हिस्सा दशार्या गया है। नेपाल सरकार ने मई में कैबिनेट बैठक में नोटों के डिजाइन को मंजूरी दी थी।

नेपाल ने 20 मई, 2020 को संविधान संशोधन के जरिये लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को अपना हिस्सा बताते हुए नया नक्शा जारी कर विवाद खड़ा किया था। नेपाल पांच भारतीय राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, यूपी व उत्तराखंड के साथ 1,850 किमी लंबी सीमा साझा करता है। इन तीन विवादित क्षेत्रों में लगभग 370 वर्ग किमी की सीमा लगती है।



## इन क्षेत्रों के लोग भारत के करदाता, मतदाता

पश्चिमी तिब्बत के नगारी क्षेत्र के पास स्थित लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी क्षेत्रों पर पिछले 60 वर्षों से पूरी तरह भारत का नियंत्रण है। यहां रहने वाले लोग भारतीय नागरिक हैं, भारत में कर चुकाते हैं और मतदान भी करते हैं।

## रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं तीनों क्षेत्र

कालापानी क्षेत्र दक्षिण एशियाई कूटनीति में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। यह भारत, तिब्बत और नेपाल के बीच त्रिकोणीय जंक्शन पर है। वहीं, लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता है। लिंपियाधुरा दर्रा क्षेत्र पर नेपाल का दावा कालापानी पर उसके दावे से उपजा है। यह तिब्बत की नगारी सीमा के पास भारत से सटा हुआ है। लिंपियाधुरा-कालापानी-लिपुलेख उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा हैं और यह पूरी तरह भारतीय प्रशासन के अधीन है।

# न्यूयॉर्क में ट्रंप की धमाकेदार रैली, पत्नी संग थिरके

## एलन मस्क समेत कई हस्तियां हुईं शामिल

**न्यूयॉर्क ।** डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क शहर में धमाकेदार रैली की। इस रैली के दौरान ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया के साथ दिखाई दिए। इस दौरान दोनों स्टेज पर डांस करते भी दिखाई दिए, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर की जा रही है। न्यूयॉर्क की रैली में ट्रंप के समर्थन में कई हस्तियां भी शामिल हुईं, जिनमें दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क और पूर्व रेसलर हल्क होगन आदि शामिल रहे। रैली के दौरान ट्रंप ने न्यूयॉर्क जीतने का दावा किया और कहा कि अगर वे सत्ता में लौटे तो न्यूयॉर्क को तरक्की की राह पर आगे बढ़ाएंगे।

न्यूयॉर्क की रैली में डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप भी शामिल हुईं। इतना ही नहीं उन्होंने मंच से संबोधन



भी दिया और अपने पति के लिए लोगों से समर्थन मांगा। जब ट्रंप मंच पर आए तो दोनों ने एक दूसरे को गले लगाकर अभिवादन किया।

संबोधन के बाद ट्रंप अपनी पत्नी के साथ मंच पर थिरके भी, जिससे वहां मौजूद लोग खासे उत्साहित दिखे। ट्रंप की रैली के चलते न्यूयॉर्क शहर की सड़कों पर हजारों प्रशंसक उमड़ पड़े। दरअसल लोगों में ट्रंप के साथ ही तुलसी गबार्ड, एलन मस्क, टकर कार्लसन और हल्क होगन जैसी हस्तियों को देखने का भी उत्साह था, जो ट्रंप की रैली में शामिल हुए। जो फ्रड्ढ जूनियर, तुलसी गबार्ड, एलन मस्क, टकर कार्लसन और हल्क होगन जैसे विशेष मेहमानों को मंच पर देखने के लिए उत्सुक थे।

अपने संबोधन में ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में न्यूयॉर्क में जीत दर्ज करने की बात कही। उन्होंने न्यूयॉर्क शहर की ऊर्जा की भी तारीफ की और कहा कि 'न्यूयॉर्क में जीत दर्ज करना उनके लिए सम्मान की बात होगी और ये बीते कई दशकों से नहीं हुआ है।' गौरतलब है कि न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रेटिक पार्टी का गढ़ माना जाता है।

ट्रंप की पत्नी मेलानिया ने न्यूयॉर्क की तारीफ करते हुए इसे उद्योगों का केंद्र कहा, जहां वित्त, फैशन और मनोरंजन क्षेत्र के लोग एक साथ आते हैं। शहर की चुनौतियों पर बात करते हुए मेलानिया ने कहा कि शहर के लोगों के जीवन मुश्किल हो गए हैं। जीवन की गुणवत्ता घट रही है। अस्थिरता है और व्यवसाय मुश्किल में हैं।


## अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर जमकर बोले

ट्रंप ने रैली के दौरान जिन मुद्दों पर खुलकर बात की, उनमें अवैध अप्रवासियों का मुद्दा भी रहा। ट्रंप ने कहा कि 'मैं राष्ट्रपति बनने के पहले दिन से ही अपराधियों को अमेरिका से बाहर निकालने का अभियान चलाऊंगा और अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े निर्वासन कार्यक्रम को शुरू करूंगा।

# हमास की कैद में रखे गए बंधकों के परिजनों का पीएम नेतन्याहू के भाषण के दौरान हंगामा, कहा- शर्म आनी चाहिए

**तेल अवीव ।** इस्राइल-हमास के बीच पिछले एक साल से संघर्ष जारी है। इस संघर्ष के बीच हमास द्वारा अभी तक कुछ इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाकर रखने पर बंधकों के परिवारवालों में आक्रोश तेज हो गया है।

रविवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण के दौरान बंधकों के परिजनों ने नारेबाजी की और पीएम से कहा- 'आपको शर्म आनी चाहिए।' नेतन्याहू सात अक्तूबर के हमले के पीड़ितों की याद में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पीड़ितों के परिवार वालों ने चिल्लाकर बताया कि उनके परिजनों की मौत हो चुकी है। एक अन्य परिजन ने नेतन्याहू से कहा कि उन्हें शर्म आनी चाहिए। इसे सुनने के बाद नेतन्याहू कुछ देर के लिए शांत हो गए। हालांकि, इसके बाद ही उन लोगों को इस कार्यक्रम से बाहर ले जाया गया था।



पीड़ितों के परिजनों ने पिछले साल हुए हमले के लिए इस्राइली सरकार को जिम्मेदार मान रहे हैं। उन्होंने बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने में विफल होने के लिए बी सरकार को ही जिम्मेदार ठहराया। दूसरे स्मृति दिवस की घोषणा के बाद सात अक्तूबर के पीड़ितों के परिवजनों के भाषणों को कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि यह डर था कि वे मंच का इस्तेमाल सरकार की आलोचना के लिए करेंगे।

## ईरानी सैन्य ठिकानों पर आईडीएफ का हमला

इससे पहले शनिवार को ईरान की तरफ से इस्राइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के एक महीने बाद इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इसी महीने ईरान ने इस्राइल के तेल अवीव में मिसाइल दागे थे, जिसके बदले में शनिवार को इस्राइल की तरफ से हमला किया गया। ईरान की तरफ से कार्रवाई इस साल सितंबर में लेबनान में पेजर और वॉकी-टॉकी के विस्फोट के बाद की गई। बता दें कि इस विस्फोट में कुछ लोगों की जान चली गई, जबकि 2800 लोग घायल हो गए थे।

हाल ही में हिजबुल्ला ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर ड्रोन हमला किया।

# त्यौहारों के मद्देनजर नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता के लिए चलाएं अभियान : एडीएम सिटी गम्भीर सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी के निर्देशन पर कलेक्ट्रेट परिसर, एडीएम सिटी कार्यालय में एडीएम सिटी गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन०सी०ओ०आर०डी०) की बैठक का आयोजन किया गया। एडीएम सिटी गम्भीर सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि त्यौहारों के मद्देनजर जनपद में नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाये जाएं। ड्रग के विरोध में मार्च/दौड़/रैली निकाली जायें। एस०एम०एस०, बैनर्स, पोस्टर्स, होर्डिंगों आदि द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाये।

नशा विरोधी जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जागरूकता पखवाड़ा मनाये जाने के निर्देश दिये गये तथा उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये। स्कूल-कॉलेजों में एक दिन आवश्यक रूप से नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया जाये, जिसमें निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जायें। एल०ई०डी० डिस्पले के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु सूक्ष्म वीडियो/ऑडियो क्लिप्स के माध्यम से गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशा मुक्ति से सम्बन्धित होर्डिंग्स/बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में पुलिस विभाग, अर्थ सांख्यिकी विभाग, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कवि नगर में दीवाली मिलन कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग ने की शिरकत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर जी ब्लाक में 27 अक्टूबर, 2024 को दीवाली मिलन का अद्भुत और विशाल कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें ब्लॉक के लगभग 300 सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। स्वादिष्ट व्यंजन, लकी ड्रॉ तथा ब्लॉक के 27 वरिष्ठ जनों को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग अभिभूत हो गए और अपने भाषण में भी कहा, मैंने अपने जीवन में इस प्रकार का सम्मान कार्यक्रम नहीं देखा। पैर छू कर सभी बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया। हमारे सभी के प्रिय पार्षद राजकुमार एवं पुत्र वरुण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी। कार्यक्रम का उद्देश्य आपस में पहचान, प्रेम, सौहार्द और बड़ी सोसाइटी में होने वाले पारिवारिक उत्सवों को मिलकर एक साथ मनाना भी था! कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्ण कुमार सिंहल, आलोक गर्ग, मनोज गुप्ता, डॉक्टर अमित गोयल, नीरज शर्मा, सुनील गोयल, रतन गुप्ता, योगेश सिंहल, चिराग पारिख, अनुज गर्ग, तरुण मदान, निशा गर्ग, नीता भार्गव मुख्य रूप से संचालन में रहे।

# 43वीं सब जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में गाजियाबाद ने स्वर्ण पदक जीता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 26 से 27 अक्टूबर 2024 तक सहारनपुर के अल्पाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित 43वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका शूटिंग बॉल चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में गाजियाबाद ने स्वर्ण पदक जीता। बालक वर्ग में गाजियाबाद ने प्रथम, मेरठ ने द्वितीय तथा वाराणसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने प्रथम, वाराणसी ने द्वितीय तथा आजमगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूर्व क्रीड़ाधिकारी मेरठ विश्वविद्यालय डॉ. अशोक कुमार गुप्ता एवं एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविन्द्र सिंह तोमर ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए।

आयोजन सचिव सरवत जमाल ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। शूटिंग बाल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने सभी स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को बधाई दी और आयोजक शूटिंग बॉल एसोसिएशन,सहारनपुर को शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

# पार्षद कुसुम गोयल ने किया दीपावली मेला का उद्घाटन





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** कौशांबी स्थित जयपुरिया एन्क्लेव गंगा टावर कैलाश, त्रिशूल टावर में दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल उपस्थित रहे। पार्षद कुसुम गोयल ने बताया कि इस साल की दीपावली हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि 500 वर्ष पहले श्रीराम जन्मभूमि पर मुगल आतंकवाद ने कब्जा कर लिया था। मंदिर तोड़कर वहां पर बाबरी मस्जिद का निर्माण किया गया। देश आजाद होने के बाद जो सरकार बनी उनका ध्यान सिर्फ एक वर्ग को खुश करना था। जिसकी वजह से यह मामला कोर्ट में काफी समय से लंबित रहा। देश में सरकार बदली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंदिर निर्माण भी हुआ और भगवान राम की मूर्ति स्थापित भी हुई।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल का वार्षिकोत्सव 'तरंग' आयोजित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए हर वर्ष होने वाले कार्यक्रम 'तरंग' के अंतर्गत 'महाभारतः कथा धर्म और कर्म की' इस कथानक के प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन ने मुख्य अतिथि जे0सी0जैन, प्रेसीडेंट सी.ओ.ई.आर. यूनिवर्सिटी, रुड़की, उत्तराखंड को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण गुलशन कुमार भांबरी, सेक्रेटरी, आई.एस.एफ.एल.जिला गाजियाबाद, आलोक गर्ग, ज्वाइंट सेक्रेटरी, आई.एस.एफ.एल.जिला गाजियाबाद, अजीत निगम, पार्षद, गाजियाबाद, रोटेरियन दीपक कुमार अग्रवाल, प्रेसीडेंट रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी, रोटेरियन भारती गर्ग एवं उर्वशी का स्वागत किया गया।
सिलवारलाइन प्रेस्टीज स्कूल से नमन जैन, वाइस चेयरमैन, डॉ0 माला कपूर, फाउंडर डायरेक्ट, बबीता जैन, मोनिका जैन, डॉ0 स्वाति अग्रवाल, डायरेक्टर फाइनेंस, प्रणव जैन, डायरेक्टर एडमिन एवं स्कूल प्रबन्धक, डॉ0 मंगला वैद, सलाहकार, डॉ0 गीता जोशी, प्रधानाचार्या, निधि गर्ग, डॉ0 अरुणा सिंहल, डायरेक्टर कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं डॉ0 सी0एस0नायर, डायरेक्टर स्ट्रेटेजी स्किल्स एंड कैपेसिटी बिल्डिंग ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। वाइस चेयरमैन नमन जैन ने कहा कि यह कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का फल है। उन्होंने सभी बाल कलाकारों की सराहना की। विद्यार्थियों ने अभिनय और नृत्य कौशल के माध्यम से महाभारत कथा की प्रस्तुति करते हुए गंगा अवतरण, भीष्म प्रतिज्ञा, द्रौपदी जन्म और स्वयंवर आदि जैसे दृश्यों को अत्यंत भावपूर्ण तरीके से सबके समक्ष रखा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जे0सी0जैन ने सभी विद्यार्थियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन ने उनका परिचय दिया एवं उन्हें प्रतीक चिह्न प्रदान किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 सुभाष जैन एवं फाउंडर डायरेक्टर डॉ0 माला कपूर ने सभी प्रतिभागियों को अपना स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए समस्त अभिभावकगण और शिक्षकवृंद का आभार व्यक्त किया।

## आवंटन के साथ ही पचेर्जेबल एफएआर, जीडीए- बिल्डर और बायर्स सबकी बल्ले- बल्ले

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने ग्रुप हाउसिंग भूखंडों का आवंटन करते समय ही पचेर्जेबल एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) देने की तैयारी शुरू कर दी है। जीडीए का प्रयास है कि अगले माह होने वाली नीलामी तक यह नई व्यवस्था लागू कर दी जाए। दरअसल बिल्डर्स को नीलामी के जरिए जब ग्रुप हाउसिंग प्लॉट का आवंटन किया जाता है तो उस पर डेढ़ एफएआर मिलती है। आवंटन के बाद पचेर्जेबल एफएआर प्राप्त करने के बिल्डर को नए सिरे आवेदन करना पड़ता है। नई व्यवस्था के बाद ऐसा नहीं करना पड़ेगा। पचेर्जेबल को मिलाकर बिल्डर को ढाई एफएआर प्राप्त हो जाती है।

# इन्दिरापुरम पुलिस और बदमाश के बीच फायरिंग

## जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, हथियार और नकदी बरामद





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में बदमाश के गोली लगी है। पुलिस के मुताबिक, त्योहार के मध्य नजर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान इंदिरापुरम क्षेत्र में 5/6 की पुलिया पर एक बदमाश को बाइक समेत गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए बदमाश ने बताया कि उसने लूटे गए मोबाइल और चेन कनवानी में रखे हुए हैं। पुलिस जब बदमाश को कनावनी लेकर पहुंची तो पुलिस का दावा है कि वहां पहले से रखे तमंचे से बदमाश ने फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में बदमाश की गोली लगी है।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि त्योहार के मध्य नजर थाना इंदिरापुरम पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोबाइल और चेन

### त्योहार के मद्देनजर पुलिस कर रही थी चेकिंग

लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने 5/6 की पुलिया से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद बदमाश ने बताया कि उसने लूट गए चेन और मोबाइल कनावनी में छुपा के रखे हैं। पुलिस टीम जब उसे वहां लेकर गई तो वहां पहले से रखे लोडेड तमंचे से बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी गई। पुलिस के मुताबिक, बदमाश का नाम शान है। जो खोड़ा का रहने वाला है। शान के पास से बरामद बाइक दिल्ली से चोरी है। उसके कब्जे से लूटे गए मोबाइल और चेन से प्राप्त 15 हजार रुपए बरामद हुए हैं। साथ ही तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है।

# ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में 'अंतर सदनीय नृत्य प्रतियोगिता' का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सैक्टर-23 गाजियाबाद में सोमवार को दीपावली-महोत्सव के उपलक्ष्य में 'अंतर सदनीय नृत्य प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों तुषाल सिंह (प्रीजख इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड), श्वेता सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर एच. एल. एम. कॉलेज), आयुषी त्यागी (प्रकाशन सहायता कार्यकारी एच.टी. मीडिया ग्रुप नोएडा), डॉ. स्नेहा सिनी बिस्वाल (फिजियोथेरेपिस्ट), रितिका चौहान (यावर प्लेटफॉर्म डेवलपर इन्फोटेक लिमिटेड) में कार्यरत के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्रतिदिन की दिनचर्या से अलग आज पूरे दिन खुशी व उत्साह का माहौल रहा। प्रतियोगिता का आयोजन 'विंग वाइज' किया गया जिसमें सभी सदनों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ नृत्य प्रस्तुत किया । निर्णायकों में मुख्य अतिथियों के साथ-साथ प्रधानाचार्या सुनीता अग्निहोत्री इस श्रेणी में और उप-प्रधानाचार्य दिलीप कुमार झा भी शामिल थे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुनीता अग्निहोत्री ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि हमें 'स्वच्छ दीवाली - शुभ दीवाली' की अवधारणा को अपनाते हुए स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल उत्सव को मनाना चाहिए और अपनी शह अलग बनाते हुए एक बुराई मुक्त समाज बनाने का प्रयास करना चाहिए।

# प्रेमी-प्रेमिका के बीच वो की एंट्री, मारपीट

## प्रेमी ने लड़की को जमीन पर गिराकर पीटा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में प्रेमी प्रेमिका के बीच वो की एंट्री होने से विवाद हो गया। प्रेमी ने अपनी प्रेमिका का नंबर ब्लॉक कर दिया। पीछा करते हुए प्रेमिका पेट्रोल पंप पर पहुंची और तीसरी युवती का विरोध किया तो उसके प्रेमी ने वहीं जमीन पर गिराकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान लोग तमाशबीन बने रहे। लड़की को बचाने के बजाए लोग वीडियो बनाने में मशगूल दिखे। लोगों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने प्रेमी और प्रेमिका दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र के अर्थला इलाके में पेट्रोल पंप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक लड़की को जमीन पर गिराकर पीट रहा है। लोग तमाशा देख रहे हैं, किसी ने भी लड़की को बचाने की कोशिश नहीं की, बल्कि उल्टे वीडियो बनाते रहे।

### पांच साल से रिलेशनशिप में हैं दोनों

पीड़ित लड़की ने अपना नाम स्नेहा बताया, उसका कहना है कि लड़का और वह पिछले पांच साल से लिविंग रिलेशनशिप में शहीदनगर में एक मकान में रहते हैं। दोनों साथ रहते हैं। युवक जहां डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। जबकि वह फोनपे में काम करती है। पीड़िता के मुताबिक अब उसके प्रेमी का प्रेम प्रसंग किसी और लड़की के साथ चल रहा है। जिसको लेकर वह मेरे साथ मारपीट करता है। लड़की का आरोप है कि एक बार घर में गैस ऑन करके भी मुझे मारने का प्रयास किया गया।

### जान से मारना चाहता है उसका प्रेमी

कहा-उसका प्रेमी जिस लड़की के साथ प्रेम प्रसंग में वह उसे हर रोज बाइक से छोड़ने जाता है। जब वह विरोध करती है तो उसके साथ मारपीट करता है। अब वह उसे जान से मारना चाहता है। आरोपी प्रेमी ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। इस मामले में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है। युवक और युवती दोनों पुलिस के पास है। युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरोपी हिरासत में है।

# जो खुद संजीवनी बूटी का पर्वत हो, उसको 16 जनप्रतिनिधि क्या संजीवनी देंगे : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा जनसेवक अजय गुप्ता ने उस वक्तव्य पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है जिसमें कहा गया था कि सदर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 16 जनप्रतिनिधि संजीवनी बूटी देने का कार्य करेंगे। अजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी खुद संगठन अध्यक्ष भी हैं और उन्होंने संगठन अध्यक्ष के रूप में भाजपा जनप्रतिनिधियों को चुनाव जिताने में अहम भूमिका निभाई है। एक तरह से अगर ये कहा जाये कि जिस शख्स ने खुद ही अपने महान कार्यों से संजीवनी बूटी का पहाड़ बना लिया हो और अपने प्रत्येक कार्यक्रमों में सफलता प्राप्त की हो, उस प्रत्याशी ने हमेशा हर चुनाव, हर कार्यक्रम में अपनी मेहनत के दम पर दूसरे प्रत्याशी को संजीवनी बूटी देने की भूमिका बखूबी निभाई है। अजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को भागवतगीता और शिव पुराण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ,उसके प्रताप से भाजपा प्रत्याशी की जीत 100% पक्की है। शहर विधानसभा सीट बीजेपी का गढ़ है, इसलिए जीत का संशय करना व्यर्थ है। अजय गुप्ता ने कहा कि चुनाव में संजीवनी देने का काम जनता करती है। जनता को संजीवनी देने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। वो जनता के हितों के लिए काम कर रहे हैं इसलिए जनता भी उनके नाम पर वोट दे रही है।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये सियासत नहीं है ये विरासत है। ये एक पिता की अपने बेटे के प्रति मोहब्बत है। सरदार इंदरजीत सिंह टीटू के बेटे प्रभजीत सिंह साहब का 27वा हैप्पी बर्थडे है। ये आशीर्वाद है ओर संस्कार है जब सरदार इंदरजीत सिंह टीटू ने अपने पुत्र प्रभजीत सिंह साहब के लिए आशीर्वाद खुशहाली की कामना की तो वो अपनी बहुरानी के लिए भी बाबा जी से अरदास में उनका आशीर्वाद मांगना नहीं भूले। ये एक संदेश है परिवार का एक संस्कार का। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।